दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 11 | अंक : 285 | टोंक | रविवार,30 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष नवमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan


## लद्दाख की श्योक नदी में बहा सेना का टैंक, 5 जवान शहीद

### रात एक बजे हुआ हादसा, शनिवार सुबह मिली जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**लेह ( एजेंसी )।** लद्दाख के न्योमा–चुशूल इलाके में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास श्योक नदी में भारतीय सेना का एक टैंक बह गया जिससे पांच जवान शहीद हो गए। हादसा एकाएक नदी का जलस्तर बढ़ने से हुआ। शहीदों में एक जूनियर कमिशन्ड ऑफिसर भी थे। घटना शुक्रवार (28 जून) की रात करीब 1 बजे की है। जानकारी शनिवार (29 जून) को सामने आई। सेना के जवान मिलिट्री एक्सरसाइज के बाद देर रात टी–72 टैंक से लौट रहे थे। मिलिट्री टैंक ईस्टर्न लद्दाख के सासेर ब्रांगसा में श्योक नदी पार कर रहा था, तभी पानी का लेवल अचानक बढ़ गया और जवान टैंक सहित नदी में डूबने लगे। लेह की फायर एंड फ्यूरी 14 कॉर्प्स के मुताबिक, हादसा चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुआ। रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन नदी में तेज बहाव और जलस्तर के कारण जवानों को बचाया नहीं जा सका। पांचों जवानों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनकी पहचान रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी के रूप में हुई है।

#### बारिश के चलते बढ़ा पानी

दावा किया जा रहा है कि श्योक नदी के ऊपरी इलाके में बारिश के चलते अचानक पानी बढ़ गया। रात होने के चलते जवानों को इसका पता नहीं चल सका। आमतौर पर टी–72 टैंक पर कमांडर, एक गनर और एक ड्राइवर होता है। हालांकि, हादसे के वक्त टैंक पर 5 जवान सवार थे। टी–72 टैंक 5 मीटर ( 16 .4 फीट) गहरी नदियों को पार करने की क्षमता रखता है। यह एक छोटे डायमीटर वाले स्नोर्कल की मदद से नदी पार करता है। पानी के अंदर टैंक का इंजन बंद होने पर इसे 6 सेकेंड के भीतर चालू करना जरूरी होता है। ऐसा नहीं करने पर कम दबाव होने के कारण इंजन में पानी भर जाता है। इमरजेंसी के लिए इस पर सवार क्रू के सभी सदस्यों को रीब्रीदर दिया जाता है।

#### रक्षा मंत्री ने हादसे पर दुख जताया


रक्षा मंत्री ने एक्स पर पोस्ट करके जवानों की मौत की खबर शेयर की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि लद्दाख में नदी के पार टैंक ले जाते समय हादसे में हमारे पांच बहादुर सेना के जवानों की जान जाने पर दुख हुआ। हम राष्ट्र के प्रति अपने वीर सैनिकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर लिखा– लद्दाख में टैंक के नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार दुखद है।

## मैंने भी टीचर बनने की बहुत कोशिश की : मुख्यमंत्री

### कहा : जल्द ही खाली पदों का कैलेंडर बनाकर भरा जाएगा, 70 हजार नई भर्ती कर रहे हैं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के 6 विभागों करीब 20 हजार नई नियुक्तियां हुईं हैं। सिलेक्ट हुए कैंडिडेट को शनिवार को विशेष कार्यक्रम के जरिए जॉइनिंग लेटर दिए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टैगोर ऑडिटोरियम में हो रहे कार्यक्रम में 7 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैंने भी टीचर बनने की बहुत कोशिश की थी। फॉर्म भरकर पढ़ने जाता था। आपको नियुक्ति पत्र मिलते ही परिवार के मन में कैसा भाव होगा। हम जानते हैं। इससे पहले कैबिनेट मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार हर साल 70 हजार युवाओं को नौकरी देगी। वहीं, मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि कुछ समय पहले तक राजस्थान में परीक्षाओं पर सवाल उठ रहे थे। सीएम के एंटी चीटिंग टास्क फोर्स बनाने के बाद युवाओं का विश्वास फिर से कायम हुआ है। भविष्य में हर नई भर्ती में सिलेक्ट हुए युवाओं को जॉइनिंग लेटर देने के लिए बड़े समारोह किए जाएंगे। सीएम भजनलाल हर बार रोजगार उत्सव में जयपुर या किसी एक जिले में खुद जॉइनिंग लेटर देंगे, बाकी जगहों से चयनित युवा वीसी के जरिए जुड़ेंगे।



#### राजस्थान में अब हर पेशेंट को मिलेगा एक कोड- मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि आने वाले समय में स्वास्थ्य के क्षत्र में काम करने वाले हैं। पेशेंट को एक कोड नंबर मिले। इस कोड नंबर से पेशेंट की पूरी हिस्ट्री मिलेगी। इसे खोलकर डॉक्टर उसकी पूरी जानकारी ले सके। इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। हम 70 हजार नए पदों की भर्ती कर रहे हैं। 58 हजार पदों के लिए विज्ञापन जारी कर चुके हैं। साढ़े 11 हजार पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। इसके अलावा 5500 पदों की वित्तीय स्वीकृति हमने जारी कर दी है। हमने आरपीएससी में भी कहा है कि कलेंडर चाहिए। हम वैकेंसी भी एडवांस में निकालने वाले हैं, क्योंकि पता है कितने लोग रिटायर होने वाले हैं। इससे समय पर एग्जाम होकर नियुक्ति हो सके।

#### आने वाले समय में सभी पदों को भरा जाएगा - सीएम

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि जब युवा 18 साल का होता है तो उसे मत देना का अधिकार मिलता है। इसके साथ कुछ कर्तव्य भी होते हैं। इन्हें ध्यान रखने चाहिए। युवा को सरकार चुनने का अधिकार मिलता है। उसके साथ समाज, राष्ट्र और माता–पिता के लिए कर्वतव्य क्या है। हम जिस सेवा में गए हैं, उसमें हमारे कर्तव्य क्या हैं। इन्हें ध्यान रखना चाहिए। मैंने भी टीचर की नौकरी की बहुत कोशिश की। फॉर्म भरकर पढ़ने जाता था। आपको नियुक्ति पत्र मिलते ही परिवार के मन में कैसा भाव होगा। हम जानते हैं। इससे आगे वाली पीढ़ी को भी आत्मबल मिलता है। हम भी परिवार में रहते हैं। परिवार की भावना को जानते हैं। रिक्त पदों का कैलेंडर बनेगा। आने वाले समय पर रिक्त पदों को भरा जाएगा। कौशल विकास की तरफ की कार्य किया जाएगा।


## अमरनाथ यात्रा शुरू

### बालटाल-पहलगाम कैंप से 4603 तीर्थयात्री निकले; 3,880 मीटर की ऊंचाई पर बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए हर साल होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा शनिवार (29 जून) से शुरू हो गई। बालटाल और पहलगाम कैंप से शुक्रवार सुबह 4 हजार 603 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था गुफा के लिए रवाना हुआ। यात्रा अनंतनाग में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान–पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग से गुजरेगी। श्रद्धालु कश्मीर के अनंतनाग जिले में 3 हजार 880 मीटर ऊंचाई पर स्थित बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे। जम्मू–कश्मीर के रियासी में 9 जून को श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। इस घटना को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए 3.50 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 52 दिवसीय यात्रा 19 अगस्त को खत्म होगी। 26 जून से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है।

पिछले साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे।






## सम्पादकीय

# पेपर लीक, सिस्टम वीक, सर्जरी जरूरी

पेपर लीक स्कैंडल ने देश की आत्मा को भीतर तक झकझोर दिया है। यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। देश में बहुत बड़ा वर्ग बिकाऊ है। कीमत दो और खरीद लो। फिर वह पेपर हो पद या प्रतिष्ठा। ऐसे स्कैंडल इस ओर भी ध्यान आकर्षित करते हैं कि प्रतिभा, मेरिट, पारदर्शिता, ईमानदारी तो पुस्तकों के विषय तक सिमट कर रह गए हैं लेकिन दूसरी तरफ चिंता इस बात की है कि साधारण और सरल व्यावहारिक दूरदर्शिता का प्रशासनिक व्यवस्था में इतना अकाल कभी देखा नहीं गया है। तरह-तरह के शिक्षा माफिया सक्रिय रहते हैं, नकल माफिया, पेपर लीक और सॉलवर गैंग, स्टाफ की मिलीभगत आदि परंतु ये तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक सिस्टम में विद्यमान तत्व सहयोग न करें।

सर्वविदित तथ्य है कि अध्यापक चाहेगा तो केंद्र में नकल होगी और यदि नहीं चाहेगा तो नहीं होगी। तकनीक में अनेक प्रकार के आयाम जुड़ने के कारण एआई जैसी टेक्नोलाजी के आने से चुनौतियां और बढ़ गई हैं तो मूल्यांकन भी जटिल हो गया है। सोशल साइट्स ने जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है और एक प्रभावी उपकरण बन चुका है। सूचना का आदान-प्रदान क्षणों में संभव है। सभी तथ्यों की जानकरी होने के बावजूद ऐसी परीक्षाओं को साधारण औपचारिकता के तौर पर कंडक्ट करवाया जाए और माफिया आराम से ऑपरेट करते रहें तो हाहाकार होनी तो स्वाभाविक है।

केवल परीक्षार्थी ही मानसिक तनाव का शिकार हो ऐसा नहीं होता। उसके अभिभावकों सहित अनेक लोगों पर इन हाई प्रोफाइल प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं का प्रत्यक्ष या परोक्ष असर पड़ता है जिनमें कोचिंग संस्थान भी शामिल होते हैं। अपार धन का अनियंत्रित बिजनेस है। समिति गठन की जितनी अहमियत अब दी जा रही है, काश एनटीए गठन के समय यह परिश्रम कर लिया जाता और कंडक्ट को सीबीएसई से पूरी तैयारी के बाद ही वापस लिया जाता तो इस विभीषिका से बचा जा सकता था। निश्चित तौर पर सरकार की कारगुजारी पर धब्बा लगा है और सिस्टम पर विश्वास बहाली उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा जगत से जुड़े लोग जानते हैं कि पेपर सेटिंग से लेकर परिणाम घोषित होने तक किस स्तर के विभिन्न विशेषज्ञ इस दायित्व का निर्वहण और निष्पादन करते हैं। इन के प्रशिक्षण और अनुभव को वरीयता दी जाती है या दी जानी चाहिए। ऐसे सक्षम विशेषज्ञों का यदि पैनल बना हो तो सुविधाजनक रहता है।

वर्तमान स्कैंडल में ऐसा लगता है कि सारी प्रक्रिया के सभी चरणों में लापरवाही जाने अनजाने की गई है। परीक्षा का केंद्र कहां होगा ड्यूटी देने वाले निरीक्षक कौन होंगे, पेपर कहां रखे जाएंगे, परिवहन व्यवस्था क्या होगी , काम करने वाले कैमरे , समय पर पेपर एकत्रित करना और तुरंत बापस करने के लिए सीलबंद करना। ये काम नहीं हुआ तो एजेंसी की आउटसोर्स की सारी प्रणाली में छिद्र हैं फिर एनटीए परीक्षा की जिम्मेवारी क्यों ले रही है अथवा उसे यह जिम्मेवारी क्यों दी गई। आनन-फानन में संवेदनशील राष्ट्रीय परीक्षा का आयोजन हुआ है। ऐसा पहली बार हुआ हो यह सत्य नहीं है लेकिन यह अंतिम बार हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# असुविधा की सड़कों का टोल-टैक्स ज्यादती है

**किसी देश को विवेकपूर्ण, बेहतर सुविधाओं एवं विकास के नये मानकों के साथ चलाने के लिए सरकार को पात्र नागरिकों से बेहतर सुविधाओं के लिये कर एकत्र में कोई ऐतराज नहीं है; लेकिन सड़कें हो या अन्य सुविधाएं, अच्छी नहीं होने पर भी टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने पर उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ एवं शोषित महसूस करता है, जिसके कारण टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने वाली एजेन्सियों के खिलाफ शिकायतें बढ़ती जा रही है। टोल टैक्स प्रणाली सरकार या निजी ठेकेदारों के लिए राजस्व सृजन का स्रोत नहीं होनी चाहिए, बल्कि जनता के लिए बेहतर और सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराने का साधन होनी चाहिए।**

ललित गर्ग




बेहतर सेवाओं के नाम पर सरकारें कई तरह के शुल्क वसूलती है, इसमें कोई आपत्ति एवं अतिश्योक्ति नहीं है। लेकिन सेवाएं बेहतर न हो फिर भी उनके नाम पर शुल्क या कर वसूलना आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी है। यह एक तरह से आम जनता का शोषण है, धोखाधड़ी है। राजमार्ग एवं अन्य मार्गों पर बेहतर एवं सुविधाजनक सड़कों के नाम पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन विडम्बना एवं त्रासदी यह है कि टूटी-फूटी सड़कों के नाम पर भी टोल वसूला जाता है, जो अन्यायपूर्ण एवं आपत्तिजनक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान में जनता के इस बड़े होते दुःख, धोखाधड़ी एवं शोषण पर न केवल दुःख जताया बल्कि ऐसी जबरन की जा रही वसूली को रोकने के लिये अधिकारियों को चेताया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। रोड टैक्स का उपयोग राज्य के भीतर सड़कों के रखरखाव और विकास के लिए किया जाना चाहिए न कि सरकार की आमद को बढ़ाने के लिये। ऐसे अनेक उदाहरण है कि बिना सुविधा एवं आवश्यकता के भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। राज्य सरकारें भी स्वतंत्र रूप से टोल वसूलती है। दूसरी ओर, टोल टैक्स एक उपयोगकर्ता शुल्क है जिसे वाहन मालिकों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या निजी ठेकेदारों को कुछ टोल सड़कों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, पुल और सुरंगों का उपयोग करने के लिए देना पड़ता है। जो अन्य सड़कों की तुलना में इन सड़कों को उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की माना जाता है। निश्चित रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क-क्रांति की है बल्कि व्यवस्था की खामियों को सुधारने के भी सराहनीय प्रयास किये हैं। निश्चित तौर पर गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी एवं अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर भी लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने की स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही है। इन स्थितियों को लेकर आम जनता एवं उपभोक्ताओं में विरोध एवं विद्रोह पनप रहा है, इसलिये सरकार एवं ऐसी एजेन्सियों के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। किसी भी विभाग को अपनी खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार होना चाहिए। नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक-जीवन को न केवल अस्त-व्यस्त कर रही है, बल्कि आहत, पीड़ित एवं परेशान भी कर रही है। ऐसी अनेक सुविधाएं हैं जो सरकार के द्वारा जनता के लिये उपलब्ध कराई जाती है, इसके लिये सरकार टैक्स वसूलती है। लेकिन बिना सुविधा के भी टैक्स वसूलने की स्थितियां सरकार पर बदनूमा दाग है और ऐसे दाग लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बहरहाल बात राजमार्गों पर वसूले जा रहे गैर वाजिब टोल टैक्स के बढ़ने की चिन्ता का है, जो एक त्रासदी है। इसी त्रासदी को केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा और कहा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमसे टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम एवं स्वागतयोग्य कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की ऐसी कारगुजारियों एवं ज्यादतियों पर नजर रखनी चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि ऐसी शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए।

कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी, सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, गैरवाजिब टोल टैक्स वसूला जाना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना भी एक बड़ी समस्या है, भले ही इस समस्या से मुक्ति के लिये सरकार ने कदम उठाये हैं, फास्टैग व्यवस्था के लागू करने से लाइनें छोटी हुई है। आज 98 प्रतिशत वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। निश्चित तौर पर राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है, पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है एवं यातायात सुगम बना है। मोदी सरकार ने सड़कों को सुविधाजनक बनाया है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिर टोल प्लाजा पर गाड़ी धीमी करने व रोकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसे देश में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था सड़क-क्रांति को एक नई दिशा देगा। दरअसल, यह नया सिस्टम न केवल सही ट्रैकिंग कर पाएगा बल्कि यह राजमार्ग पर उपयोग की गई दूरी के आधार पर सटीक टोल गणना भी करेगा। बहुत संभव है आने वाले वर्षों में कार निर्माता कंपनियां अपने वाहनों पर ट्रैकिंग डिवाइस लगाएं। प्रारंभ में इस सिस्टम को प्रमुख हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लागू किया जाएगा। इसके बावजूद सरकार के लिये यह जरूरी है कि वह सड़कों की गुणवत्ता को बनाये रखे एवं गुणवत्ता वाली सुविधा की सड़कों पर ही टोल वसूले। राजमार्गों पर यात्रा करने के दौरान आपके बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट से पैसा कट जाता है। इसमें भी गलत तरीके से पैसे कटने की शिकायतें बढ़ती जा रही है। किसी व्यक्ति के फास्टैग से बिना टोल से गुजरे टोल टैक्स काट लिया जाता है या ज्यादा टोल वसूल लिया जाता है, जो उपभोक्ताओं के लिये परेशानी का सबब है। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार, सड़क निर्माण और रखरखाव के अपने लक्ष्यों को हासिल करने में विफल रहा है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि एचएचआई ने टोल अनुबंधों को आकार देने और निगरानी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया है और टोल सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की है। रिपोर्ट में टोल संग्रह प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी और दोषपूर्ण टोल प्लाजा, ओवरचार्जिंग और लंबी कतारों के कारण सड़क उपयोगकर्ताओं को होने वाली परेशानी और असुविधा पर भी प्रकाश डाला गया है। इन सभी हालातों को देखते हुए भारत में राजमार्गों एवं सुविधा की सड़कों के नाम पर हो रही टोल टैक्स वसूली को औचित्यपूर्ण एवं न्यायसंगत बनाने की अपेक्षा है। सुविधा के नाम असुविधाओं, असुरक्षा एवं धोखाधड़ी की बढ़ती स्थितियों को गंभीरता से लेना होगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किन बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कामों में सावधानी बरतें। आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी।

**वृष**
हालांकि खर्च की मात्रा अधिक रहने की आशंका है, इसका ख्याल रखें। आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। अपनी रचनात्मकता से सभी को प्रभावित कर सकते हैं। हर काम में यश प्राप्त होने का योग बन रहा है।

**मिथुन**
विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी, जिससे मन बेहद खुश रहेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहने की उम्मीद है। मानसिक एकाग्रता के लिए अपने गुस्से पर संयम रखें।

**कर्क**
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। वाहन सुख मिलेगा। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा।

**सिंह**
आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन ग्लानि से भरा रहेगा। विद्यार्थियों को विद्याप्राप्ति में अवरोध उत्पन्न हो सकता है।

**कन्या**
किसी धार्मिक स्थल या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें। आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं।

**तुला**
आज कार्यभार की अधिकता के कारण शिथिलता रहेगी। योग, ध्यान और आध्यात्मिकता का सहारा लेकर मन की शांति पर ध्यान दें। आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे।

**वृश्चिक**
आज आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**धनु**
मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आपको धार्मिक प्रवास से मानसिक खुशी मिलेगी। संबंधों में हो रही भावना आपके मन को द्रवित कर देगी। परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें।

**मकर**
आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है, जिससे मन विचलित रहेगा।

**कुंभ**
व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहने की संभावना है। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। आज के दिन मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटन स्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का स्वाद ले सकेंगे। आज आपको वाहन सुख भी मिलेगा। आपके मान-सम्मान और लोकप्रियता में वृद्धि होने के संकेत हैं। आपको विरोधियों पर विजय मिलेगी।

## शख्सियत



बाबू झालानी
( संस्थापक.सीबा मसाला उधोग )

25 अगस्त 1970 को जन्मे बाबू झालानी हमारी आज की शख्सियत हैं। दोस्तों सही मायने में शख्सियत कौन है तो यहां कहना चाहूंगा कि जिसने संघर्षो से सामना किया और अडिग रहकर कर्तव्यपथ पर चल पड़ा और आदर्श बन गया सबका वही शख्सियत है। बाबू झालानी सीबा मसाला उधोग के संस्थापक हैं। असीम ऊर्जा उन्हें सदा जवां बनाए रखती है, बेहतरीन नॉलेज और शार्प माइंड होने के साथ हार्ड वर्कर रहे हैं इसलिए आज आसमान छू गए हैं।1984 में, राजस्थान के एक छोटे से कमरे लोहिया पाढ़ी में बाबू झालानी और उनकी पत्नी ने सीबा मसाला का व्यापार शुरू किया। रात के समय एक छोटी सी पीसने वाली चक्की में मसाले पीसकर, वे सुबह सवेरे उन्हें आसपास के गांवों में बेचने के लिए निकलते थे। उनके लिए यह आरंभ बहुत ही कठिन दौर था, क्योंकि उस समय राजस्थान में पैक्ड मसालों को दुकानों पर जगह नहीं मिलती थी और खुले पिसे मसालों का प्रचलन अधिक था। हालांकि, उनका धैर्य और संकल्प अनवरत रहा और वे हार मान जाएं ये उन्हें कतई मंजूर ना था। धीरे-धीरे, उन्होंने अपने नाम को गांवों में विश्वसनीयता के साथ स्थापित किया। शुरुआत में तीन मसालों से व्यापार करने वाले इस परिवार ने आज अधिकतर राजस्थान के अलावा हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, असम, मध्य प्रदेश, और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में और लंदन जैसी विदेश में अपनी पहचान बना ली है। आपके द्वारा एमेजॉन के द्वारा पूरे देश में अपने मसाले घर घर तक पहुंचने का प्रयास है। आज उनके दो रत्न साहिल व शशांक भी अपने पिता के पदचिन्हों पर चलकर नाम को आगे बढ़ा रहे हैं। इन दोनों बेटों ने पूरा उधोग सम्भाल रक्खा है।इस सफलता में श्री झालानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है उनके मानवीय मूल्यों, संवेदनशीलता, और विश्वास की। किसानों से सीधे सामग्री खरीद कर, उसे एक पूरे ऑटोमेटिक प्लांट में पीसकर पैक किया जाता है, फिर कंपनी के खुद की सप्लाई व्हीकल की मदत से उनको प्रत्येक बाजारों तक पहुंचाया जाता है। आज, इस परिवार की टीम में 125 से अधिक कर्मचारी काम कर रहे हैं। आगे भी अपने मूल्यों पर काम करते हुए अलवर की इस मसाला कंपनी को देश भर में पहुंचाने के प्रयासरत है। यही नहीं ये जयकृष्ण क्लब के लंबे समय सैकेट्री बने रहे हैं। सन 2007 से 2009 तक सचिव रहे और अनेकों विकास कार्य व खेल गतिविधियों का विकास किया इसके बाद इन्हें दुबारा 2015 में चुना गया और निर्विरोध 2023 तक सेवाए दी। दैनिक बढ़ता राजस्थान उनके उज्जवल भविष्य व ऐसे ही मिलनसार,जोरदार,शानदार व दमदार बने रहने की कामना करता है।

## आज का इतिहास

### 30 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्विट्जरलैंड के बर्ने प्रांत से यहूदियों को 1294 में बाहर निकाला गया।
- क्रिस्टोफर श्लेस ने 1868 में टाइपराइटर के लिए पेटेंट अधिकार हासिल किया।
- अदा केपले यूएस में 1870 को लॉ कॉलेज से ग्रेजुएट करने वाली पहली महिला बनीं।
- सर्बिया ने 1876 में तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- फ्रेडरिक डगलस 1888 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकित होने वाले पहले अफ्रिकी-अमेरिकी बने।
- सोलबॉन पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना 1894 में हुई।
- दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के अधिकारों के लिये आंदोलन करने के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को 1914 में पहली बार गिरफ्तार किया गया।
- फासीवाद के खिलाफ 1933 को एंटवर्प में 50 हजार लोगों ने प्रदर्शन किया।
- ईसवी को जर्मनी के तानाशाह एडोल्फ़ हिटलर ने 1934 में अपनी नेशनल सोशियालिस्ट पार्टी में विरोधियों का सफ़ाया कर दिया।
- दुनिया का पहला इमरजैंसी नंबर 999 लंदन में 1937 को जारी किया गया था।
- बच्चों का पसंदीदा कार्टून सुपरमैन पहली बार 1938 में कॉमिक्स (डीसी कॉमिक्स एक्शन सीरीज भाग-1) में नजर आया।
- भारत के विभाजन की घोषणा के बाद बंगाल और पंजाब के विभाजन के लिए बाउंडरी कमीशन के सदस्यों की घोषणा 1947 में की गई।
- ब्रिटिश सेना की अंतिम टुकड़ी इजरायल छोड़ स्वदेश 1948 को रवाना हुयी।
- अमेरिका ने 1960 में क्यूबा से चीनी का आयात बंद करने का निर्णय लिया।
- रवांडा और बुरूंडी देश 1962 में स्वतंत्र हुये।
- अमेरिका का पहला महिला संगठन नेशनल ऑर्गनाइदेशन फॉर वुमेन का गठन 1966 में किया गया।
- लेबनान में 1985 को बंधक बनाए गए 39 अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार किए गए।
- पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी ने 1990 में अपनी अर्थव्यवस्था का विलय किया।
- फ्रांस के तोलूज़ में 1994 को ए-330 एयरबस विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सात लोग मारे गये।
- हांगकांग पर से 1997 में ब्रिटिश हुकूमत खत्म हुई।
- आस्ट्रेलियाई उप-प्रधानमंत्री तथा नेशनल पार्टी के नेता टीम फ़िशर का इस्तीफ़ा 1999 में दिया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 2000 में इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर को कानूनी मान्यता दी।
- ब्राजील ने 2002 में जर्मनी को 2-0 से हराकर फ़ुटबाल के विश्व कप पर कब्ज़ा किया।
- ब्राजील ने 2005 में कनफ़ेडरेशन फ़ुटबाल कप जीता।
- स्पेन में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता 2005 को दी गयी।

## विशेष आलेख

# राजस्थान : क्या हकिकत में भाजपा विधायकों की भी अफसर नहीं सुनते?

रामस्वरूप रावतसरे




अब तक कांग्रेस और विपक्ष के अन्य नेता आरोप लगाते थे कि सरकार पर अफसरशाही हावी हो रही है लेकिन अब सत्ता पक्ष के विधायक भी यही बात कह रहे हैं। ब्यावर से भाजपा विधायक शंकर सिंह रावत का कहना है कि प्रदेश में अफसरशाही हावी हैं, वे किसी की नहीं सुन रहे। रावत ने कहा कि ये अफसर कांग्रेस राज के समय से लगे हुए हैं। इन अफसरों पर सरकार ने भी अभी तक ध्यान नहीं दिया है। विपक्ष के आरोपों के बाद अब सत्ता पक्ष के विधायक ही अफसरशाही को सरकार पर हावी बताने लगे तो सियासी गलियारों में चर्चाएं शुरू हो गई। लोगों का कहना है कि शंकर सिंह रावत के बयान से देवी सिंह भाटी के दावे पर मुहर लग गई जिसमें उन्होंने कहा था कि मुख्य सचिव से मिलने के लिए कई विधायक उनके ऑफिस के बाहर लाइन लगाकर बैठे रहते हैं।

ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत के अनुसार प्रदेश में अफसरशाही हावी हैं जो किसी की नहीं सुन रहे। ये अफसर कांग्रेस राज के समय से लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कई अफसरों ने तो सरकारी कार्यालयों में बपौती जमा रखी है कि जैसे शासन को वे ही चला रहे हैं। यह तरीका ठीक नहीं है। रावत ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। जनता जनप्रतिनिधियों को चुनकर भेजती है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों की बात सुनकर उस पर तुरंत निर्णय लेना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं होता, उन्होंने कहा कि जब विधायक की जनता से जुड़ी बात ही अफसरों द्वारा नहीं सुनी जा रही है तो आम जानता से इनका कैसा व्यवहार होगा! पिछले दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी बीकानेर में मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान भाटी ने भी अफसरशाही हावी होने का आरोप लगाया था। देवी सिंह भाटी ने कहा कि ऐसा सुनने में आ रहा है कि मुख्य सचिव के कमरे के आगे विधायक लाइन में लगकर खड़े रहते हैं। अगर ऐसा है तो उनका जनप्रतिनिधि होना बेकार है। भाटी ने कांग्रेस सरकार की तारीफ करते हुए कहा था कि कांग्रेस राज में अफसर काबू में थे, उन्हें कार्रवाई का डर था लेकिन अब उन्हें कार्रवाई का कोई डर नहीं है। उन्हें पता है कि उनके खिलाफ कुछ नहीं होने वाला है। भाटी ने कहा था कि जब ब्यूरोक्रेसी हावी होती है तो सरकार को नुकसान होता है। यह व्यवस्था बदलनी चाहिए।

इसी प्रकार वसुंधरा राजे के खेमे के वैर विधायक बहादुर सिंह कोली ने प्रभारी मंत्री सुरेश रावत के सामने सरकार की योजनाओं को लेकर अफसरों की कार्य प्रणाली पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कई सवाल खड़े कर दिये। विधायक कोली ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में पहले अधिकारियों को कन्यादान दिया जाता है, तब जाकर योजना का पैसा मिलता है। इसके अलावा अधिकारी कागजी कार्रवाई और औपचारिकता से लोगों को पागल कर देते हैं। विधायक बहादुर सिंह कोली कन्यादान योजना को लेकर अधिकारियों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि लोग अपनी बेटी की शादी करने के लिए कर्ज लेकर शादी करते हैं, लेकिन कन्यादान योजना का उन लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है। यहां तक की तीन-तीन साल तक लोगों को चक्कर काटना पड़ता है, फिर भी उन्हें पैसे नहीं मिलते हैं। इसको लेकर बयाना की विधायक ऋतु बनावत ने भी कोली की बात का समर्थन किया। उन्होंने भी इस योजना का सरलीकरण करने की मांग उठाई। भरतपुर प्रभारी मंत्री सुरेश रावत की मौजूदगी में समीक्षा बैठक में वैर विधायक बहादुर सिंह कोली ने भ्रष्टाचार को लेकर अधिकारियों पर जमकर निशाना लगाया। इस दौरान कोली और बयाना विधायक ऋतु बनावत ने अवैध खनन को लेकर अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। विधायक ने कहा कि विभाग अवैध खनन के मामले में कार्रवाई के नाम पर छिपकलियों को पकड़ रहा है, जबकि मगरमच्छों को छोड़ रहा हैं। इस बयान के माध्यम से कोली ने कहा कि खनन विभाग केवल छोटी-मोटी कार्रवाई करता है, जबकि खनन विभाग बड़े माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा हैं। सत्ता पक्ष के विधायकों का इस प्रकार अधिकारियों पर आरोप लगाना। यह साबित करता है कि सरकार का चेहरा बदला है। बाकी सब कुछ वही है। जैसा कि कांग्रेस षासन के समय प्रषासन को लेकर भाजपा आरोप लगाती थी। कांग्रेस शुरू से आरोप लगाती रही है कि प्रदेष सरकार पर ब्यूरोक्रेसी हावी है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा तो यहां तक कह चुके हैं कि सरकार में सीएम भजनलाल की कुछ नहीं चलती। दिल्ली के निर्देश पर सरकार को तो अफसर चला रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी आरोप लगा चुके हैं कि मुख्य सचिव सुधांश पंत सरकार चला रहे हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सांसद हनुमान बेनीवाल ने पिछले दिनों ट्वीट किया कि मुख्य सचिव समानांतर सरकार चला रहे हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। मुख्य सचिव से मिलने के लिए कैबिनेट मंत्रियों को भी अपॉइंटमेंट लेना पड़ रहा है। जबकि नियमों के मुताबिक कैबिनेट मंत्री मुख्य सचिव को तलब कर सकता है। बेनीवाल ने यह भी कहा कि मुख्य सचिव के चेंबर के बाहर विधायक धक्के खा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )

### जिला मुख्यालय पर आयोजित हुआ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम

# मुख्यमंत्री ने बांटे नियुक्ति-पत्र, कहा- सभी विभागों के रिक्त पदों पर कराएंगे भर्ती





## विधायक हरलाल सहारण व जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने जिले में नियुक्त कार्मिकों को बधाई पत्र के साथ दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान


**चूरू( सुरेश शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार समाज व राष्ट्र के उत्थान के लिए संकल्पित है। राज्य के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरा जाएगा और प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समान अवसर उपलब्ध करवाते हुए उनकी ऊर्जा को सही दिशा देने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को जयपुर में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में संबेधित कर रहे थे। जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित मुख्यमंत्रा रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण व जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने जिले में नवनियुक्त कार्मिकों को बधाई -पत्र भेंट करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंचे। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध करवाते हुए उनकी योग्यता को पहचान दी जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश स्तर से राज्य में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति -पत्र प्रदान किए तथा वीसी के जरिए प्रदेशभर से नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद कर शुभकामनाएं दीं। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक हरलाल सहारण व जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने जिले में नियुक्त कौशल्या वाल्मिकी, दीपिका सोनी, कुमारी मनोहरी, सपना गोस्वामी, शर्मिला, प्रियंका पुनियानी, सोनिया राजपाल, मनिषा कस्वां, हनुमान बांसुड़ा सहित अन्य को बधाई -पत्र भेंट करते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान एडीएम उत्तमसिंह शेखावत, सीईओ मोहनलाल खटनावलिया, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, एसीईओ दुर्गा ढाका, डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज गरवा, एडीपीआर कुमार अजय, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, पीएचईडी एसई रमेश राठी, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, एपीआरओ मनीष कुमार, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, डीईओ प्रांरभिक संतोष महर्षि, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, कनिष्ठ रोजगार अधिकारी सुशीला कताला, वरिष्ठ सहायक संदीप न्यौल सहित अन्य उपस्थित रहे।

**रोजगार उत्सव के आयोजन से उत्साह का संचार हुआ, नैतिकता व कर्तव्यनिष्ठा से करेंगे दायित्व निर्वहन :** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नवनियुक्त कार्मिकों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिले के राउमावि पूलासर में नवनियुक्त हिन्दी व्याख्याता सोनिया राजपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के इस मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव से उनमें उत्साह व उर्जा का संचार हुआ है। सरकार ने उन्हें रोजगार व नियुक्ति प्रदान कर सौगात दी है। वे सरकार की मंशानुरूप कर्तव्यनिष्ठा व नैतिकता के साथ कर्तव्य निर्वहन करते हुए भावी पीढ़ी में संस्कारपूर्ण शिक्षा का संचार करेंगे। इसी क्रम में नवनियुक्त लैब टेक्निशियन मनीषा कस्वां ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा त्वरित नियुक्ति दिए जाने से उनको काफी ख़ुशी मिली है। वहीं उन्होंने सभी लैब टेक्नीशियन बैच की तरफ से मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों व कर्तव्यों को सम्पूर्ण निष्ठा के साथ संपादित करेंगे। अपने राकजीय दायित्वों के साथ सामाजिक व नैतिक दायित्वों को निभाएंगी। आज के मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के आयोजन में सम्मिलित होने से उनमें एक नवऊर्जा का संचार हुआ है। इसी प्रकार सहायक रेडियोग्राफर के पद पर नवनियुक्त हनुमान बांसुड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्ति मिलने व राजकीय सेवा में आने से उनको बेहद खुशी है। मुख्यमंत्री शर्मा की जनसेवा की भावना की प्रेरणा से जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारियों के साथ राजकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## मनुष्य श्री कृष्ण के आदर्श से संस्कार की सीख ले : आचार्य कौशिक

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखण्ड के रहल ग्राम में ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित हो रही भागवत कथा के तीसरे दिन विभिन्न प्रसंगों पर किए कथा वाचक आचार्य लेखराज कौशिक ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एकमात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। कथावाचक आचार्य लेखराज कौशिक ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। रहल गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है,जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ,मोह,हिंसा,संग्रह आदि का त्याग कर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। आचार्य ने शनिवार को भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र,सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है।

## आम सूचना

मेरे इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा रूपबास निवाई के खाता संख्या 253901000002053 के चेक नम्बर 816781 से 816786,816789,816790, 816792 से 816796 ,816798, 816806 से 816809 , 816811से 816818 , 816821 से 816825 व 816829 से 816840 तक एवं बालाजी मेडीकल के खाता संख्या 310033000000033 के चेक नम्बर 785117,000100,785003,785004, 784986 ,784989 एवं , indusind Bank शाखा देवली के खाता संख्या 201013033683 के चेक नम्बर 145621,145623,145624,145626, 145627

जो सभी खाली है एवं सभी पर हस्ताक्षर किए हुए हैं। एवं मेरा आधार कार्ड, पेन कार्ड , बालाजी मेडीकल स्टोर की बिल बुक नम्बर 501 से 600 तक की दामोदर कुंड से खणदेवत रोड पर कई गुम हो गई थी। जिसकी इंफॉर्मेशन रिपोर्ट LR No. 2048948/2024 Date 13/01/2024 एवं LR No. 2218045/2024 date 29/06/2024 को करवा दी है। दिनांक 23/01/2024 को बैंक में स्टॉप पेमेंट करवा दिया है। जिस किसी को भी मिले मुझे बालाजी मेडीकल स्टोर दामोदर कुंड के सामने जयपुर रोड़ निवाई पर सुपुर्द करे।

**राजेन्द्र शर्मा पुत्र हनुमान शर्मा**
**9529481224**

## अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मिली मान्यता

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई भारत सरकार ने के के सी पीजी कॉलेज सरदारशहर में संचालित बीसीए संकाय को मान्यता प्रदान की है। के के सी पीजी कॉलेज सरदारशहर के निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने बताया कि कॉलेज सत्र 2009 से बीसीए, पीजीडीसीए तथा एमएससी कोर्स सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं हाल ही में अखिल भारतीय तकनीक शिक्षा परिषद ने बीसीए ,बीबीए कोर्स संचालन करने वाले महाविद्यालय को एआईसीटीई से मान्यता लेना अनिवार्य कर दिया था। केकेसी महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान संकाय के विभाग अध्यक्ष तथा उपप्राचार्य महबूब अली चौहान ने बताया कि चूरू जिले में प्रथम कॉलेज को मान्यता प्राप्त होने से यहां के विधार्थियो को बीसीए कोर्स में गुणवत्ता में सुधार होगा तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीसीए कोर्स को एक पहचान मिलेगी ।

## ग्रामीणों के विरोध के बाद भी मीणा की नांगल में भारी ब्लास्टिंग से हो रहा है खनन कार्य

बढ़ता राजस्थान

नीम का थाना। हरियाणा बॉर्डर पर बसे गांव मीणा की नांगल में ग्रामीणों के विरोध के बाद भी भारी ब्लास्टिंग से खनन कार्य किया जा रहा है, ऐसे में मीना की नांगल के लोग दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं। एक तरफ सरकार धूल धूंआ भारी ब्लास्टिंग पर शिकंजा कस रही है वहीं खनन कारोबार से जुड़े लोग भारी ब्लास्टिंग कर सरकार के कानून कायदों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मानसून सत्र आ चुका है खेतों में बुवाई जुताई का कार्य शुरू हो चुका है, परंतु खदान नंबर 295/05 में आईआर मशीन से गहरे होल बनाकर उसमें विस्फोटक सामग्री डालकर भारी ब्लास्टिंग करते हैं, ऐसे में खदान से पत्थर के टुकड़े उड़कर उपजाऊ भूमि में गिरते हैं, जिससे उपजाऊ भूमि बंजर होती हुई जा रही है। भारी ब्लास्टिंग के चलते क्षेत्र का जल स्तर भी काफी गहरा होता जा रहा है जिस कारण पीने की समस्या भी गंभीर खड़ी हो गई है। विस्फोटक सामग्री भी खदान में खुले में पड़ी रहती है, खदान से पत्थरों से भरे हुए डंफर गांव के अंदर से निकलते हैं जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाओं को अंदेशा बना रहता है। स्थानीय प्रशासन को अनेकों बार अवगत करवाया गया परंतु कोई कार्रवाई नहीं करता जिसके चलते लोगों का जीना दुभर हो रहा है।



## निजी अस्पतालों को भी पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में दर्ज करनी होगी मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश के निजी अस्पतालों को भी अब मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति रिपोर्ट हर माह पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में दर्ज करनी होगी। इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एक परिपत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में निजी क्षेत्र में संचालित कुछ ही अस्पतालों द्वारा अभी तक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की रिपोर्ट पीसीटीएस पोर्टल पर दर्ज की जा रही थी। प्रत्येक जिले के लक्ष्य अनुमानित जनसंख्या के आधार पर आवंटित किए जाते हैं। निजी क्षेत्र में संचालित अस्पताल भी इसी जनसंख्या में से गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं एवं शिशुओं को टीकाकरण व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसे देखते हुए निजी अस्पतालों द्वारा प्रदत्त की गई समस्त सेवाओं की रिपोर्ट, लाइन लिस्ट, पीसीटीएस पोर्टल एवं यूविन पोर्टल पर अपडेट किया जाना आवश्यक है। निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत एवं इंडियन मेडिकल एसोसियेशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रजनीश शर्मा के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी परिपत्र में निर्देश दिए गए है कि निजी अस्पतालों को पोर्टल पर एएनसी रजिस्ट्रेशन, 12 सप्ताह पूर्व एएनसी रजिस्ट्रेशन, प्रसव पूर्व 4 जांच, टी.डी., संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण, नसबंदी, पीपीआईयूसीडी निवेशन एवं आईयूडी निवेशन की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। डॉ. राणावत ने बताया कि पीसीटीएस एवं यूविन पोर्टल में प्रत्येक निजी अस्पताल नजदीकी राजकीय चिकित्सा केन्द्र के साथ मैप किया हुआ है। परिपत्र में निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक राजकीय चिकित्सा संस्थान उनके साथ मैप्ड निजी अस्पताल की मासिक रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज किया जाना सुनिश्चित कराएं। जिन निजी अस्पतालों की मासिक रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी, उन अस्पतालों की समीक्षा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में की जाएगी।

## नानी बाई का मायरा कथा, सांवरिया सेठ ने भक्त नरसी की हुंडी स्वीकारी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** गोविंद देव जी मंदिर में चल रही नानी बाई के मायरे की कथा के दूसरे दिन कथावाचक जया किशोरी ने भक्त नरसी की हुंडी का प्रसंग सुनाया। कथा में बताया कि भक्त की भक्ति सही और निस्वार्थ है तो ईश्वर को उसकी भक्ति स्वीकार करने के लिए स्वयं उपस्थित होना पड़ता है। युवा पीढ़ी को ऐसे संस्कारवान कार्यक्रम में लाने की जिम्मेदारी हमारी है संगत यदि सही होगी तो जीवन की राह भी आसान होगी। कार्यक्रम में जया किशोरी का स्वागत रामबाबू झालानी रमेश चंद साहू अरुण अग्रवाल नितेश कुमार रामराय गुप्ता सुरेश पाटोदिया सतीश शर्मा शंकर नाथ राजू मेहरवाल राजेश कट्टा ने किया । सूरतगढ़ श्री श्याम मंदिर से श्याम सेवक हजारीलाल ने जय किशोरी को अंगवस्त्र माला पहनाकर एक चांदी का निशान भेंट किया । कथा को सुनने के लिए देश पर प्रदेश के लोगों का हुजूम उमड़ रहा है । कथा के अंतिम दिन रविवार को 100 से ज्यादा लोग भात मायरा भरेंगे । आयोजक शंकर झालानी कैलाश बढ़ाया ने कथा के अंतिम दिन कथा में ज्यादा लोगों को आने का निमंत्रण दिया।

## नेट-थियेट पर सुफी गायन ने समां बांधा
### प्रीत की मन मा बढ़ती है शीतल अगन मेरे अरबी सजन, मेरे अर्जी सजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** नेट-थियेट के कार्यक्रमों की श्रृंखला में उभरते युवा कलाकार साहिल और सोहेल ने अमीर खुसरो की छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाकर सुनाई और माहौल को सुफियाना बनाया। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि साहिल और सोहेल ने कार्यक्रम में शायर असद अजमेरी का सुप्रसिद्ध सूफियाना कलाम मन मा लागी है, जा दिल से तोरी लगन, प्रीत की मन में बढ़ती है शीतल अगन, मेरे अरबी सजन,मेरे अरबी सजन को बड़े ही फकीराना अंदाज में गाकर अपनी गायकी का परिचय दिया और दर्शकों की दाद बटोरी । अंत में सुप्रसिद्ध कलाम दमा दम मस्त कलंदर अलीशा पहला नंबर गाकर माहौल को रूमानियत से भर दिया। इनके साथ तबले पर मोहम्मद कायम, कीबोर्ड पर जाफर हुसैन और ढोलक पर रहमान वारसी की शानदार संगत से कलाम ए सुफियाना कार्यक्रम को उंचाईयां दी ।

# आदिवासियों डीएनए जांच मामला : सांसद रोत और उनके समर्थकों ने की शिक्षा मंत्री दिलावर के आवास को घेरने की कोशिश

## अगर सात दिन में दिलावर माफी नहीं मांगे तो करेंगे विधानसभा घेराव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के डीएनए वाले बयान पर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। बांसवाड़ा के भारत आदिवासी पार्टी (बाप) के सांसद राजकुमार रोत और उनके समर्थकों ने शनिवार को शिक्षा मंत्री दिलावर के आवास को घेरने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने उन्हें अंबेडकर सर्किल पर ही रोक लिया। ऐसे में सांसद सहित उनके समर्थकों ने सड़क पर ही पुलिस को अपने ब्लड सैंपल सौंप दिए। सांसद ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यह मामला यहीं दबने वाला नहीं है। चेतावनी देते रोत ने कहा कि अगर सात दिन में दिलावर माफी नहीं मांगे तो वह विधानसभा घेराव करेंगे और विधानसभा में यह मामला उठाया जाएगा। इसके



अलावा संसद में प्रधानमंत्री मोदी के सामने भी यह मुद्दा उठाया जाएगा और पीएम नरेंद्र मोदी को डीएनए टेस्ट के लिए ब्लड का सैंपल दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत शनिवार को अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ ब्लड सैंपल देने के लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आवास की ओर रवाना हुए थे। ऐसे में प्रशासन ने हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया। जैसे ही रोत समर्थक अंबेडकर सर्किल पहुंचे तो पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर सभी को रोक लिया। मामला गरमाता देख पुलिस ने सड़क पर ही सांसद रोत और उनके समर्थकों के ब्लड सैंपल ले लिए। पुलिस अधिकारियों ने इन सैंपलों को मदन दिलावर के पास भेजने की बात कही। तब जाकर मामला शांत हुआ और समर्थक वापस लौट गए। गौरतलब है कि 21 जून को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि देश को तोड़ने की गतिविधियां शुरू करेंगे तो वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। आदिवासियों के अपने आपको हिंदू नहीं मानने के सवाल पर दिलावर ने कहा कि यह तो पूर्वजों से पता चल जाएगा। वंशावली लिखने वालों से पूछ लेंगे। उनके डीएनए की भी जांच करवा लेंगे। उनके इस बयान के बाद से ही आदिवासी समुदाय के लोगों में रोष व्याप्त है। प्रदेशभर में लगातार दिलावर को मंत्री पद से हटाने और आदिवासी समुदाय से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग उठ रही है।

## चाकसू में मीट की अवैध दुकान सीज
### अवैध दुकान सीज की कार्रवाई की चर्चा सुनकर अवैध दुकानदारों में मचा हड़कंप

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** कस्बे में बिना लाइसेंस के चल रही मीट की दुकानों पर अब पालिका ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। लोगों की बार-बार शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार को पालिका अधिकारियों ने कोटखावदा रोड स्थित उपखंड कार्यालय के पास एक मीट की दुकान को सीज कर दिया। अधिशाषी अधिकारी शम्भु लाल मीना ने बताया कि दुकान अवैध रूप से संचालित थी। पूर्व में दुकानदार को नोटिस भी दिया गया था, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया। गुरुवार को जब पालिका अधिकारी समझाइश के लिए मौके पर पहुंचे तो दुकानदार ने अभद्रता की।

राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की विभिन्न



धाराओं के तहत दुकान को सीज किया गया है। सील को खुर्द बुर्द करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मीना ने बताया कि कस्बे में अवैध रूप से चल रही अन्य-दुकानों पर भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं लाइसेंस शुदा दुकानदार भी दुकान का संचालन दुकान की सीमा में करें। अगर आम रास्ते में सडक पर इसका प्रदर्शन किया जाएगा। तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसआई हंसराज मीना समेत अन्य कार्मिक व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## राजस्थान का नाम रौशन करने वाली टीम का जयपुर पहुंचने पर किया जोरदार स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान रग्बी टीम ने 9वीं जूनियर रग्बी फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर अपने राज्य का नाम रोशन किया और जयपुर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया। राजस्थान रग्बी संघ के चेयरमैन पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया की प्रतियोगिता का यह आयोजन 25 एवं 26 जून को पुणे के बालेवाडी स्टेडियम में आयोजित हुआ था। जिसमे राजस्थान रग्बी ने महाराष्ट्र को 28-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर राजस्थान का नाम रोशन किया। मिश्रा ने बताया कि राजस्थान टीम ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीता और राज्य का गौरव बढ़ाया। राजस्थान रग्बी की टीम के खिलाडियों का शनिवार को जयपुर पहुंचने पर



माला, मैडल और कीट पहनाकर जोरदार स्वागत किया । मिश्रा ने बताया की विश्व के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल के बाद सबसे ज्यादा देखे जाने वाला पावर का खेल रग्बी है। पिछले कुछ वर्षों से हमारे देश भारत में इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और युवाओं का इसके प्रति रुझान भी बढ़ रहा है। राजस्थान रग्बी संघ के सचिव कुलदीप सिंह राजावत ने बताया कि फाइनल मुकाबले में राजस्थान का सामना ओडिशा से हुआ। यह मैच बेहद कड़ा और प्रतिस्पर्धी था, जिसमें राजस्थान ने 5 अंक बनाए लेकिन ओडिशा की टीम ने 10 अंकों के साथ जीत हासिल की और चौंपियन बनी। फाइनल में राजस्थान का प्रयास और संघर्ष प्रशंसनीय रहा। राजस्थान रग्बी संघ संयुक्त सचिव रविंद्र सिंह ने बताया की राजस्थान टीम और उनके सभी खिलाड़ियों को इस बेहतरीन यात्रा के लिए हार्दिक बधाई । उन्होंने हमें गर्व करने का अवसर दिया है और हमें विश्वास है कि भविष्य में वे और भी ऊँचाइयों को छूएंगे। फाइनल में हार के बावजूद, उन्होंने जिस तरह से खेला, वह प्रेरणादायक है।

## पीएम-कुसुम योजना के अनुपालन के लिए व्हाईट पेपर जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** गौतम सोलर ने सोलर डेवलपर्स, ईपीसी कंपनियों और किसानों को समर्थन प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्णकदम बढ़ाया है। जिसके तहत पीएम-कुसुम (प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) योजना के मानकों को पूरा करने में उनकी मदद के लिए व्यापक व्हाईट पेपर जारी किया गया है। व्हाईट पेपर जारी करने के अलावा गौतम सोलर ने जयपुर ज़िले स्थित चिमनपुरा में नया वेयरहाउस भी खोला है।

यह वेयरहाउस जयपुर जंक्शन से मात्र 30 मिनट की दूरी पर है और राजस्थान के अन्य शहरों जैसे जोधपुर, बीकानेर आदि से रोड़ के ज़रिए भी जुड़ा है। यह गौतम सोलर को राज्य में सोलर पैनल्स की तीव्र डिलीवरी सुनिश्चित करने में मदद करेगा। वेयर हाउस में सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं जो त्वरित एवं सटीक सेवाओं को सुनिश्चित करती हैं। जयपुर में आयोजित गौतम सोलर टेक वर्कशॉप में गौतम सोलर ने आधुनिक वेयर हाउस का



उद्घाटन किया। देश में सौर उर्जा के अडॉप्शन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बना लिया। गौतम सोलर सीईओ गौतम मोहंका ने बताया कि ''गौतम सोलर स्थायित्व और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए प्रयासरत है। स्थायित्व और इनोवेशन के लिएहमारी प्रतिबद्धता हमें ऐसे समाधान लाने के लिए प्रेरित करती है जो विनियामक आवश्यकताओं को पूरा कर हरित भविष्य में योगदान दे सकें। यह व्हाईट पेपरसोलर डेवलपर्स और ईपीसी कंपनियों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई गाईड है, जो उन्हें पीएम-कुसुम योजना के लक्ष्यों को हासिल करने तथा हमारेकिसानों को सहयोग प्रदान करने और हमारी धरती की सुरक्षा में योगदान देने के लिए सक्षम बनाती है।

## विद्यालय में सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू( नि.स. )।** शनिवार को कस्बा स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के दो आचार्यों का सेवानिवृत समारोह आयोजित किया गया।जिसमे स्थानीय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नाथूलाल खंडेलवाल ,व्यवस्थापक घनश्याम बाहेती, प्राथमिक विद्यालय के व्यवस्थापक मुकुट बिहारी रावत वरिष्ठ सदस्य सत्यनारायण सांवरिया ,जुगल किशोर गर्ग ,जगदीश नारायण गुजर प्रधानाचार्य सुमेर सिंह शेखावत ने रघुनंदन शर्मा व्याख्याता व मदनज जाट को साफा वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । बालिका प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने बताया कि व्याख्याता रघुनंदन शर्मा ने विद्या मंदिर में पूर्ण निष्ठा के साथ 34 वर्ष सेवाए दी है।प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामवतार जाट ने सब का आभार प्रकट किया।इस मौके पर विद्यालय स्टाफ सहित पार्षद दिनेश शर्मा व परिवार जन उपस्थित रहे।

# शुभ फूड, ट्रैवल और वेडिंग इंडस्ट्री का जयपुर में हुआ महाकुंभ

## वैड इन राजस्थान, ट्रेवल इन राजस्थान और फूड इन राजस्थान पर अंतरर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने किया मंथन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** दुबई- फ्रांस के साथ गोवा, जोधपुर, आगरा, दिल्ली, उदयपुर और देश भर के वेडिंग टूरिज्म एक्सपर्ट्स गुलाबी नगरी के मंच पर आए और प्रदेश में वेडिंग टूरिज्म को बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही इस मौके पर विश्व स्तर पर राजस्थान टूरिज्म इंडस्ट्री को पहचान और बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने वाले एक्सपर्ट्स को सम्मानित किया गया। इसके लिए शुभ फूड, ट्रैवल और वेडिंग टूरिज्म समिट और अवार्ड्स का सीजन-6 का आयोजन होटल नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस मौके पर देश-दुनिया के जाने-माने वेडिंग एक्सपर्ट त्रतुराज खन्ना के साथ हैदराबाद से राखी कांकरिया ने चर्चा करते हुए कई नई जानकारियाँ दीं और इंडस्ट्री के चैलेंजेज का सामना करने के लिए कार्यक्रम में आए पार्टिसिपेंट्स को गुर सिखाए। इस दौरान बीकाजी के एमडी दीपक अग्रवाल, नेहा चुगानी, अनिल लोहाना, गौरी चड्ढा (दुबई), देवेंद्र शास्त्री, सन्नी सबरवाल, अजय चौहान आदि गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे।



**दुबई- फ्रांस की फीमेल वेडिंग प्लानर ने किया मोटिवेट :** शुभ वेडिंग्स के निदेशक राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया, कि कार्यक्रम में फूड स्पेशलिस्ट्स भी शामिल हुए। जिसमे दुबई के फेमस वेडिंग प्लानर, तसनीम अलीभाई के साथ गौरी चड्ढा प्रमुख रहे। उन्होंने अपनी इंडस्ट्री इनसाइट और स्पेशलाइजेशन शेयर किए। वहीं कार्यक्रम में इंडियन एक्सपर्ट्स के रूप मे ऋतुराज खन्ना (नोएडा), देवेंद्र शास्त्री और राखी कांकरिया (हैदराबाद), सनी सबरवाल (दिल्ली), पवनमीर चंदानी (मुंबई), आदिल पठान (उदयपुर), मनीष अग्रवाल (उत्तर प्रदेश), संदीप उपाध्याय (आगरा), नेहा चुगानी (जोधपुर), दीपक अग्रवाल (बीकानेर) और पी. पी. खन्ना (दिल्ली) भी शामिल हुए।

**पैनल डिस्कशन में बताएं वेडिंग टूरिज्म की बारीकियां :** कार्यक्रम में ग्लोबल वेडिंग टूरिज्म में अवसर, लोकल कल्चर के अनुभवों का इंटीग्रेशन, राजस्थानी फूड का इंटरनॅशनलाइज़ेशन टॉपिक्स पर पैनल डिस्कशन हुआ। इस दौरान देश-दुनिया के विशेषज्ञों ने वेडिंग टूरिज्म की बारीकियां बताई। उन्होंने फूड एंथोसिएस, ट्रैवल एजेंसियों, वेडिंग प्लानर और यूनिक वेडिंग डेस्टिनेशन के आइडियाज की तलाश कर रहे लोगों के लिए कई आइडिया शेयर करे।

**50 अवॉर्ड्स से किया दुनिया भर के एक्सपर्ट को मोटिवेट :** प्रोग्राम में दुनिया भर के टूरिज्म एक्सपर्टऔर उनकी टीम को शुभ फूड, ट्रैवल और वेडिंग इंडस्ट्री अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। जिनमे करीब 65 अवॉर्ड्स दिए गए - बेस्ट अंतर्राष्ट्रीय वेडिंग प्लानर - ता वेडिंग्स एंड इवेंट्स दुबई, तस्नीम अलीभाई; बेस्ट लक्जरी होटल - फेयरमोंट जयपुर; राजस्थान में बेस्ट माइस होटल - नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर और जेईसीसी; जयपुर में बेस्ट एंबिएंसऔर रेस्तरां - डबलट्री बाय हिल्टन जयपुर; बेस्ट भारतीय व्यंजन - द ललित जयपुर; जोधपुर में बेस्ट शाकाहारी भोजन - रेडिसन ब्लू जोधपुर; जोधपुर में बेस्ट हेरिटेज क्लासिक प्रॉपर्टी - रणबांका होटल और रिसॉर्ट जोधपुर; वर्ष का बेस्ट रेस्टोरेंट - नोवोटेल जयपुर।

## मुख्यमंत्री केजरीवाल की साज़िशन गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया भाजपा मुख्यालय का घेराव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भाजपा की केंद्र सरकार सरकार द्वारा सीबीआई-ईडी का दुरुपयोग कर मुख्यमंत्री केजरीवाल की साज़िशन गिरफ़्तारी के खिलाफ़ आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल के नेतृत्व में जयपुर मे शनिवार को आप कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यालय का घेराब किया। इस दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल समेत दर्जनों आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया।




प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने बताया भाजपा की तानाशाही देश के लोकतंत्र और संविधान का गला घोंट रही है। प्रधानमंत्री मोदी को मुख्यमंत्री केजरीवाल से डर लगता है इसलिए केजरीवाल को जेल में रखना मोदी की मजबूरी बन गई है। लोगों को यह भरोसा था कि लोकसभा चुनाव के बाद बीजेपी अपनी तानाशाही बंद कर देगी। लेकिन जिस तरह से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में रखा गया है, उससे पता चलता है कि वह तानाशाही जारी रखना चाहते हैं। जब ट्रायल कोर्ट ने उन्हें जमानत दी तो ईडी हाईकोर्ट भाग गई और जब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी तो सीबीआई ने उन्हें एक दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया। इससे पता चलता है कि बीजेपी किसी भी तरह से अरविंद केजरीवाल को जेल में रखना चाहती है। आम आदमी पार्टी का जन्म ही आंदोलन से हुआ है और ,आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्त्ता और देश की जनता अरविंद केजरीवाल के साथ मजबूती से खड़ी हैं।

वह अंतिम सांस तक देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ते रहेंगे। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल, प्रदेश कार्यालय प्रभारी भृथहरी नाथावत,आप नेता राजेंद्र मीना,डीके जैन,प्रदीप बिचौलिया भानू, समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी भी दी।

# 'भजन' भरेंगे 'भंडार' : प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को सीएम देंगे किसान सम्मान निधि की राशि





## टोंक में राज्य स्तरीय समारोह में करेंगे शिरकत

बढता राजस्थान

**टोंक, ( कासं )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा रविवार को टोंक स्थित कृषि मंण्डी परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में टोंक जिले के दो लाख से अधिक किसानों सहित प्रदेश के 65 लाख किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की 650 करोड़ रुपए की राशि भेंटकर उन्हें सम्मानित करेंगे। मुख्यमंत्री करीब दो घंटे कार्यकम में रुक सकते हैं। यहीं से मुख्यमंत्री प्रदेश के लिए किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत भी होगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर सुरेश चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री शर्मा प्रातः 11:30 बजे जयपुर से हेलीकॉप्टर से टोंक के लिए रवाना होकर प्रातः 11:50 पर यहां खेल स्टेडियम स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। यहां से वे दोपहर 12 बजे कृषि उपज मंडी समिति टोंक में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि शुभारंभ समारोह में शामिल होंगे। सुरेश चौधरी ने बताया कि अभी किसान सम्मान निधि के तहत केन्द्र प्रति किसान 6 हजार रुपए की राशि देता है। भजनलाल सरकार ने अपने स्तर इस योजना में दो हजार रुपए की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ी राशि की पहली किस्त किसानों के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर होगी। इस कार्यकर्म मे जिले के प्रभारी मंत्री एवं राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ,सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक, कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। किसानो को सम्मान निधि वितरण पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कृषि मंडी प्रांगण मे ही एक विशाल आम सभा को सम्बोधित करेंगे।

**किसानों से करेंगे संवाद :** टोंक में राज्य स्तरीय समारोह में शामिल होकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के विभिन्न जिलों के किसानों से ऑनलाइन संवाद भी करेंगे। इसके लिए समारोह स्थल पर सभी व्यवस्थाएं की गई है।

**टोंक जिले के ब्लॉकवार लाभार्थी :** देवली में 40620, मालपुरा में 40928, निवाई में 35150, पीपलू में 28553, टोंक 25650 व उनियारा ब्लॉक में 33028 किसान लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**21 सोसायटियों पर मिलेगी कस्टम हायरिंग सेंटर की सुविधा :** सहकारिता मंत्री ने बताया कि प्रदेश में किसानों को ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किराये पर उच्च तकनीक से युक्त कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के लिये कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा राज्य स्तरीय समारोह में 21 कस्टम हायरिंग सेंटर्स की सौगात देंगे। कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने के लिये प्रत्येक ग्राम सेवा सहकारी समिति को 8 लाख रुपये का अनुदान दिया जायेगा।

### 51 महिला ग्राम सेवा सहकारी समितियों को 3-3 लाख रुपये की हिस्सा राशि

दक ने बताया कि मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिये प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में राज्य सरकार प्रदेश में 51 महिला ग्राम सेवा सहकारी समितियों को 3-3 लाख रुपये की हिस्सा राशि का हस्तान्तरण करेगी। उन्होंने बताया कि महिला सहकारी समितियों का संचालन एवं प्रबंधन महिलाओं द्वारा ही किया जायेगा। इन समितियों के गठन से महिलाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होगा तथा अपने विकास और कल्याण के लिये स्वयं निर्णय कर सकेंगी।

## माडॅल स्कूल में प्राईमरी सेक्शन भी होगा चालू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के सदरपुरा रोड स्थित सरकारी स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल में नए शिक्षा सत्र से कक्षा 1 से 5 तक के लिए प्रवेश व अध्ययन चालू होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य हंसराज जाट व शिक्षक अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि सरकार ने प्रदेश की सभी मॉडल स्कूलो में कक्षा 1 से 5 तक की कक्षा प्रारम्भ करने के उद्वेश्य से वर्ष 2022 में ही लगभग एक करोड़ रूपये की लागत से प्राइमरी सेक्शन के लिए आलिशान भवन का निर्माण कराया था। लेकिन सरकार म्‌डल स्कूला में भवन बनाकर ही भूल गई। अब प्रदेश की नई सरकार इस बारे में नई पहल शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से मॉडल स्कूलो के प्राइमरी सेक्शन के लिए पद स्वीकृत कर दिए हैं। इन पदो पर शीध्र नियुक्ति के आदेश भी जारी किए जा सकते हैं। जिसके लिए वित्त विभाग ने भी स्वीकृति जारी कर दी है। यदि सबक्रुछ ठीक रहा तो नए शिक्षा सत्र से ही मॉडल स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक के लिए प्रवेश प्रक्रिया के बाद अध्ययन भी चालु होने की पूरी पूरी संभावना है। गौरतलब है कि प्रदेश में सीबीएसई पेटर्न पर सरकारी स्तर पर केवल मॉडल स्कूलो में ही अंग्रेजी माध्यम से अध्ययन हो रहा है। पिछली सरकार ने कक्षा 1 से 5 तक के बच्चो को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के लिए महात्मा गांधी स्कूल शुरू किए थे। लेकिन प्रदेश की नई सरकार अब नई शिक्षा नीति लागू करने जा रही है। नई शिक्षा नीति में प्रदेश के सभी मॉडल स्कूलो में करोड़ो रूपये की लागत से बने प्राइमरी सेक्शन शुरू करने का निश्चय लगभग कर लिया है। बस सरकार की ओर से इस बाबत आदेश प्राप्त होने की प्रतिक्षा है। सरकार नीजि शिक्षण संस्थानो पर लगाम कसने के लिए कुछ ठोस व कारगर योजनाऐं लागू कर रही है। जिसमें एक योजना यह भी है जिसके तहत मॉडल स्कूलो में कक्षा 1 से 5 तक में प्रवेश व अध्ययन कार्य शुरू करना है।

## जलदाय मंत्री चौधरी मुख्यमंत्री के साथ आज समारोह में रहेगें उपस्थित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के क्षैत्रीय विधायक व प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी रविवार को जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मोजुदगी में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय किसान सम्मान निधि समारोह में उपस्थित रहेगें। जलदाय मंत्री चौधरी के नीजि सचिव गोपाराम चौधरी व स्थानीय कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने संयुक्त रूप से बताया कि रविवार को जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी प्रातः 8 बजे टोडारायसिंह स्थित नीजि निवास से सरकारी वाहन से रवाना होकर प्रातः 9 बजे पहुंचेगें। जहां कृषि मंडी टोंक प्रांगण में 12 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजुदगी में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय किसान सम्मान निधि समारोह में मौजुद रहेगें।

## घर की चार दिवारी में लगा बिजली का ट्रांसफार्मर, हादसे की आशंका



बढ़ता राजस्थान

**पीपलू (नि.स.)।** उपखंड क्षेत्र के कस्बे के कठमाणा के पुराने रास्ते पर एक मकान परिसर में विद्युत विभाग ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जिससे मकान में करंट फैलने के साथ ही पशुओं व बालकों के करंट लगने का अंदेशा बना रहता है। शिवजीराम यादव पुत्र गोपीराम यादव ने बताया कि विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर मकान के पास चारदीवारी के अन्दर लगा हुआ है। जिससे घर में करंट फैलने से बच्चों एवं पशुओं में करंट लगने की आंशका बना रहता हैं। ट्रांसफार्मर को मकान में दूर बाउंड्री के बाहर लगाने के लिए विभाग के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया है। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वर्तमान समय में बारिश का मोसम चल रहा है। इस समय बिजली का करंट लगने कि सम्भावना अधिक रहती है। इसलिए बालकों व पालतू जानवरो को करंट लगने की आंशका बनीं रहतीं हैं।

## पचेवर सरपंच उप चुनाव के लिए मतदान आज

### मतदान की सभी तैयारियां पूरी, मतदान दल प्रशिक्षण लेकर मतदान के लिए हुए रवाना

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड की पचेवर ग्राम पंचायत सरपंच के उप चुनावो के लिए मतदान 30 जून रविवार को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर होगा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कार्यालय की ओर से बताया गया कि पचेवर ग्राम पंचायत सरपंच के आकस्मिक निधन के बाद रिक्त हुए पद के लिए नामाकंन प्राप्त किए गए। जिनमें तीन नामाकंन पत्र प्राप्त हुए। जिनकी जांच के बाद नामाकंन सही पाए गए। जिसके चलतेू जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार व उप चुनावो के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार रविवार 30 जून को सरपंच पद के उप चुनावो के लिए मतदान होना है। इसके लिए गठित मतदान दलो को पंचायत समिति सभागार में प्रशिक्षण दिए जाने के बाद आवश्यक सामग्री के साथ मतदान केन्द्रो के लिए रवाना कर दिया। वहीं मतदान दल के सदस्य भी सम्बन्धित मतदान केन्द्रो पर पहुंच कर मतदान की तैयारियो में जुट गए। उप चुनावो के जारी कार्यक्रम के अनुसार रविवार को मतदान समाप्त होने के तुरन्त बाद मतगणाना की जाकर परिणाम जारी किए जाएगें।

## टैगोर नगर में पालिका के भू-खंडों की होगी नीलामी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** नगरपालिका प्रशासन द्वारा टैगोर नगर में पालिका के भू-खंडों की नीलामी की जाएगी। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि 10 जुलाई को सुबह 10 बजे से 5 बजे तक टैगोर नगर में पालिका के भू-खंडों की नीलामी की बोली लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि ईऑक्सन वेपसाईड पर रजिस्ट्रेशन, अमानत राशि व पहचान पत्र अपलोड करने की कार्यवाही पूरी होने बाद ही ऑनलाईन नीलामी में भाग ले सकते है। अधिसाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि भू-खंडों की निलामी के लिए 5 से 8 जुलाई तक शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन करवाए जा सकते है। उन्होंने बताया कि करीब 50 भूखंडों की निलामी की जाएगी। उन्होंने बताया कि आरक्षित दर प्रति वर्गगज 4 हजार 950 रूपए है। ऑनलाईन नीलामी की अंतिम तिथि 12 जुलाई को शाम 5 बजे तक है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज टोंक में, विधायक वर्मा ने ली अधिकारियों की आवश्यक बैठक

## लाभार्थियों को नहीं हो कोई परेशानी : रामसहाय वर्मा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा टोंक में 30 जून को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ समारोह की तैयारियों को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा ने पंचायत समिति के सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि सभी अधिकारीगण लाभार्थियों को जिम्मेदारी के साथ टोंक में 30 जून को आयोजित मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ समारोह में भिजवाएं। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। सभी लाभार्थियो को सूचित करने की सुनिश्चिता करें। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सुरेश हरसोलिया, विकास अधिकारी सुनील वर्मा, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, वरिष्ठ नेता रामप्रसाद शर्मा, सियाराम शर्मा, चिरंजीलाल झांपडी सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

### हेल्थ ऑफिसर के साथ हुई लूट की वारदात का पुलिस ने 2 सप्ताह में किया खुलासा

## चिकित्साकर्मी के साथ लूट के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### आरोपी अल्ताफ हुसैन, किशन कीर, राम अवतार कीर हुए गिरफ्तार एक 15 वर्षीय किशोर को पुलिस ने निरुद्ध किया है, आरोपियों से पुलिस ने लूटी गई बाइक और मोबाइल बरामद कर लिए

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** शनिवार को यहां थाना पुलिस ने पिछले दिनों एक कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के साथ हुई लूट की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह के अनुसार पुलिस ने इस मामले अल्ताफ हुसैन पुत्र जुम्मन सोरगर निवासी कीर मोहल्ला देवली किशन पुत्र भंवरलाल कीर निवासी कीर मोहल्ला देवली राम अवतार पुत्र कैलाश कीर निवासी ग्राम नेगडिया को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस ने इस मामले में एक 15 वर्षीय किशोर को भी निरुद्ध किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों से लूट की बाइक और मोबाइल बरामद कर लिए हैं। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा ने बताया कि उक्त वारदात गत 18 जून की रात नेगडिया गांव के समीप घटित हुई थी । पुलिस ने बताया कि उपखंड क्षेत्र के बड़ला स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत धर्मेंद्र जाटव निवासी होरिया पाड़ा तहसील मंडरायल जिला करौली हाल कुचल वाड़ा रोड के साथ आरोपियों ने लूटपाट कि थी।

इस दौरान आरोपियों ने नेगडिया गांव के समीप धर्मेंद्र जाटव को अकेला देखकर पहले उसका पीछा किया तथा सुनसान जगह पर मौका मिलते ही पीड़ित को रोक कर लाठी से मारपीट का भय दिखाया और बाइक छीन ली वही जेब में रखे रुपए, मोबाइल लूटकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया तथा पुलिस उपाधीक्षक राम सिंह व थाना प्रभारी राजकुमार नायक के नेतृत्व में पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कस्वा ने बताया कि सभी आरोपी क्षेत्र के आम रास्तो व सड़कों पर अकेले राहगीरों को निशाना बनाते हैं । आरोपियों ने 18 जून घटना की रात देवली के बस स्टैंड से रवाना होकर नेगड़िया की ओर लूट की वारदात का प्लान बनाया। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी अपने शोक, ऐशो आराम व अय्याशी के लिए लूटपाट जैसी वारदात करते हैं । इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के बाद उक्त दौरान पुलिस अधीक्षक ने मौके का निरीक्षण किया तथा मामले में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की। इसके बाद पुलिस की गठित टीम ने वारदात से जुड़ी जानकारियां जुटाई। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल तथ्य आदि की मदद ली और देवली नासिरदा हनुमान नगर जहाजपुर, केकड़ी सावर समेत नजदीक के थानों के करीब चार दर्जन संदिग्ध लोगों से पूछताछ की वहीं घटना की गतिविधियों पर बराबर नजर बनाई रखी।

जिससे वारदात में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई। और पुलिस की गठित दल ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सभी आरोपियों से पूछताछ शुरू की इस दौरान पुलिस के सामने मामला यह भी सामने आया कि आरोपियों ने निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र में भी लूटपाट सहित कई गंभीर वारदातों को अंजाम दिया है। इस पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन आरोपियों ने निकटवर्ती हनुमान नगर थाना क्षेत्र के मुंशीपुरा रोड पर एक गंभीर लूट की वारदात को अंजाम दिया। जिसका प्रकरण संबंधित थाने में दर्ज है। उक्त आरोपियों ने एक परिवादी को पकड़कर उसके साथ सरिए व लाठी के बल पर अप्राकृतिक संबंध बनाएं। इसी तरह आरोपियों ने हनुमान नगर के जयपुर हाईवे पर एक्सीडेंट होकर खड़ी एक पिकअप के चालक के साथ भी लूटपाट करने की वारदात को भी स्वीकार किया है। वही हनुमान नगर थाना क्षेत्र के अमरवासी रोड पर एक राहगीर के साथ लूट करने की वारदात भी इन आरोपियों ने स्वीकार की है। इसके अलावा गत 18 और 19 जून को आरोपियों ने थाना नासिरदा के रामथला चौराहे पर बियर फैक्ट्री के बाहर केकड़ी रोड पर पत्थर रखकर एक राहगीर के साथ लूट के वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया जहां आरोपियों को सफलता नहीं मिल सकी।

### बिजली, पानी, चिकित्सा व सड़क सहित कई महत्वपूर्ण मुददो पर हुई चर्चा

## जनसमस्याओं की शीघ्रता से हो पालना : सुरेशकुमार हरसोलिया

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत वनस्थली में उपखड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया व सरपंच रविकांत पुरोहित की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित हुई। जिसमें सडक, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा व पानी सहित कई समस्याओं पर चर्चा की गई। उपखड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने कहा कि विकास के कार्यो में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सह भागेदारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में आने वाली सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। विकास अधिकारी सुनील वर्मा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं लोगों तक पहुंचे। जिससे गरीबों एवं किसानों का विकास हो। सरपंच रविकांत पुरोहित ने कहा कि सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाए लागू की है। जिसको लोगों तक पंहुचाएं। ग्राम विकास अधिकारी निकिता जैन ने राज्य व केन्द्र सरकार की संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में जलदाय विभाग के सहायक अभियंता नितिन जैन, बिजली विभाग के सहायक अभियंता कैलाश माली, सहायक अभियंता मनोहरलाल गौरा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अमित मीणा, ब्लाक शिक्षा अधिकारी हरिनारायण मीणा व थानाधिकारी सहित कई अधिकारी व वार्ड पंच मौजूद थे।

## फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार बंदूक व मोटरसाईकिल को किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** दतवास पुलिस ने फायरिंग कर फरार हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हेमंत जनागल ने बताया कि आरोपी 8 जून को गांव जीवली में आपसी कहासुनी को लेकर अपने रिश्तेदार शेर सिंह पर फायरिंग करके फरार हो गया था। पीडित के एसएमएस ट्रोमा सेन्टर जयपुर में पर्चा बयान पर प्रकरण दर्ज किया गया और विशेष टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि 28 जून को आरोपी सुशेन्द्र पुत्र विजेन्द्रसिंह मोग्या निवासी दंगपुरा थाना अगरा जिला श्योपुर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से फायरिंग में प्रयुक्त एक बंदूक व फरारी के दौरान प्रयुक्त की गई मोटरसाईकिल को जब्त किया है।

# नेक कमाई ने किया तीन बेटियों का कन्यादान कई संस्थाओं ने बेटियों को लगाई मेहंदी और चरण छूए

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेक कमाई फाउंडेशन और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट के संयुकत तत्वावधान में आयोजित कन्यादान कार्यक्रम में तीन बेसहारा बेटियों का कन्यादान किया गया। इस दृश्य को देखकर यहां आए लोग भाव-विभोर हो गए।रिवाज रिसोर्टस में आयोजित कन्यादान समारोह में तीन बेटियों का काफी संखया में आई महिलाएं और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बेटियों के चरण धोए और महिलाओं ने मेहंदी लगाई। इस अवसर पर सामूहिक नृत्य और दिव्यांशी कालरा व वीरा सिंह का एकल नृत्य हुआ। कार्यक्रम के मुखय अतिथि समाजसेवी श्रीकिशन गुप्ता थे जबकि अध्यक्षता एनईबी थाना प्रभारी दिनेश मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि सीए सुशील बंसल और पुरुषार्थी समिति के जिलाध्यक्ष प्रेम गांधी थे।कार्यक्रम में मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने अतिथियों का स्वागत किया। नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती ने संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन युवा समाजसेवी सौरभ कालरा ने किया। नेक कमाई की ओर से गुरप्रीत सिंह पवित्र, परमजीत सिंह गोगिया, तारेश जोरवाल, सोनिका अरोड़ा, देवाश्री संस्था की अध्यक्ष शिवानी शर्मा, पायल सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रयास वीरा इंटरनेशनल संस्था की अध्यक्ष लता शर्मा सहित रेणू भायना, देवाश्रय संस्था से शीला, सुनेश चौहान, याशिका अरोड़ा, दिव्यांशी कालरा, , उषा और रजनी सहित गायत्री परिवार से प्रतिभा सिंह ने कन्यादान किया। दो साल में 215 कन्यादान-नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से 2 वर्ष में 215 बेटियों का कन्यादान किया गया है। कार्यक्रम में मुखय अतिथि समाजसेवी श्रीकिशन गुप्ता ने कहा कि नेक कमाई जैसी संस्था सरकार के कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। ऐसे में समाज का यह कर्तव्य है कि इनका सहयोग करें। कार्यक्रम में थाना प्रभारी दिनेश मीणा ने कहा कि अलवर में नेक कमाई फाउंडेशन का यह कन्यादान कार्यक्रम पूरे प्रदेश में जरूरतमंब बेटियों का विवाह समाज के योगदान से करने की अलख जगा रहा है जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस कार्यक्रम में डा. गोपाल राय चौधरी ट्रस्ट, खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट ओर गुलाब देवी रूपचंद बंसल ट्रस्ट का सहयोग रहा। संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने बताया कि नेक कमाई इसी तरह जरूरतमंद बेटियों का कन्यादान करता रहेगा।

# बाड़ी अपना घर आश्रम के स्थापना दिवस के अवसर पर बांटे स्कूली बैग

## अनाथ, जरूरतमंद बच्चियों के खिले चेहरे, बोलीं थैंक यू अंकल



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** गरीब ,असहाय अनाथ ,लावारिस, विक्षिप्त,पीड़ित मानव सेवा में कार्यरत संस्था अपना घर सेवा समिति बाड़ी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय बाड़ी में गरीब जरूरतमंद, अनाथ छात्र-छात्राओं को स्कूली बैग का वितरण किया गया अपना घर सेवा समिति बाड़ी के सचिव भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि 29 जून 2000 को अपना घर आश्रम की स्थापना डॉ. बीएम भारद्वाज एवं उनकी सहधर्मिणी डॉ माधुरी भारद्वाज द्वारा गांव बझेरा भरतपुर में की गई थी , इस अवसर पर आज अपना घर सेवा समिति पुरुष एवं महिला इकाई बाड़ी के संयुक्त तत्वाधान में स्कूली बैग अनाथ, असहाय ,जरूरतमंद बच्चियों को बांटे गए।

**स्कूली बैग पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे, बच्चियों ने कहा थैंक यू अंकल :** इस मौके पर अपना घर आश्रम की अध्यक्षा कमलेश गर्ग ने कहा कि संस्था हमेशा असहाय जरूरतमंद, अनाथ लोगों की सेवा में खड़ी है इसी क्रम में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूली बैग बांटे गए । सचिव भुवनेश्वर शर्मा ने कहा की यह कार्यक्रम अनाथ, असहाय छात्राओं की मदद के साथ-साथ महिला शिक्षा को बढ़ावा देने वाला है कार्यक्रम में अपना घर सेवा समिति महिला इकाई अध्यक्ष विमला गर्ग, कुसुम मित्तल, प्रिंसी गर्ग ,लता मंगल ,नीलम मंगल ,संजू गोयल, रश्मि गोयल ,नीलू मंगल निर्मला शिवहरे , विद्या जिंदल एवं पुरुष इकाई के संरक्षक गोपाल दास गर्ग, विष्णु महेरे, नीरज गौड, प्रमोद सिंघल, रामनिवास अग्रवंशी, राजेश शर्मा, प्रिंसिपल विनोद कुमार शर्मा, ममता शर्मा, विनोद जिंदल, बशारत अली ,मनीष यादव, योगेश पालीवाल, पिंकी पचौरी व्याख्याता मौजूद रहे ।

## पल्स पोलियो अभियान आज से, शहर और ग्रामीण क्षेत्र में टीमों का गठन

# उपखण्ड में करीब 49 हजार बच्चे गटकेंगे दो बूंद जिंदगी की

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत रविवार 30 जून से होने जा रही है। उक्त अभियान को लेकर टीकाकर्मियों और उनके प्रभारी अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। उपखंड क्षेत्र में 48879 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अलग-अलग टीमों का गठन किया है। साथ में पल्स पोलियो अभियान की देखरेख और मोनिटरिंग के लिए अलग-अलग चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति की है। तीन दिवसीय अभियान रविवार से शुरू होगा। जिसमें प्रथम दिन बूथ पर दवा पिलाई जाएगी और दूसरे एवं तीसरे दिन टीम वर्कर डोर-टू-डोर जाकर दवा पिलायेंगे। बाड़ी हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन गोस्वामी ने बताया की राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान रविवार से शुरू होगा। उक्त अभियान को लेकर सभी टीकाकरण के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया है। उक्त टीकाकरण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,आशा सहयोगिनी, एएनएम और कुछ नर्सिंग अधिकारी लगाए हैं। सभी को रविवार,सोमवार और मंगलवार तीन दिन 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलानी है। उक्त अभियान के लिए बाड़ी उपखंड को शहरी क्षेत्र के साथ कंचनपुर,अब्दलपुर, चिलाचांद और खानपुर क्षेत्र में बांटा गया है। जहां के पीएचसी और सीएचसी प्रभारी अभियान की मॉनिटरिंग करेंगे। उक्त अभियान के लिए सभी कार्मिकों को निर्देश दिए हैं कि रविवार को जहां बूथ पर दवा पिलाई जाएगी। वहीं सोमवार और मंगलवार को डोर-टू- डोर दवा पिलाने का लक्ष्य रखा है। प्रयास यही है कि एक भी बच्चा दवाई पिलाने से नहीं छूटना चाहिए।

**इनका कहना है :** पल्स पोलियो अभियान राष्ट्रीय कार्यक्रम को लेकर उपखंड के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी बीसीएमओ डॉ गब्बर मीणा ने बताया की 30 जून से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान शुरू होगा। जिसके लिए बाड़ी शहर में जहां 14077 बच्चो को दवा पिलाई जाएगी वही उपखण्ड के ग्रामीण क्षेत्र में अब्दुलपुर, चिलाचोंद,कंचनपुर,नगला विधोरा,सेवर पाली,टोटरी और उमरेह अलग-अलग सेक्टर बनाये गए हैं। कुल 48879 बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

### सार्वजनिक स्थानों पर भी रहेगी नजर

शहर के सामान्य अस्पताल के पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल ने बताया की दवा पिलाने से एक भी बच्चा छूट नहीं इसके लिए रोडवेज बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन,प्राइवेट बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी टीम तैनात होंगी।

# टीकाराम जूली ने सुनी आमजन की समस्या, समाधान के दिये निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर जनसुनवाई कर रहे है। जूली ने शनिवार को लगातार तीसरे दिन मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में आमजन को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि पानी बिजली की समस्या ने न केवल ग्रामीण बल्कि शहर की जनता को भी खून के आंसू रुला दिए और जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए है। उन्होंने कहा कि अलवर की जनता चुने हुए जनप्रतिनिधियो को ढूंढ रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा राज में गहलोत सरकार में जनहित की बनाई गई योजनाओं पर कैंची चलाकर जनता के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोंग्रेस राज में हुई भर्तीयो की नियुक्ति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में माहौल बनाकर नियुक्ति पत्र देकर कोरी वाहवाही लूटी जा रही है। उन्होंने कहा कि ये हवाबाजी को छोड़कर प्रदेश की सरकार जनता को बताए कि पिछले 6 माह से प्रदेश की जनता पर राज कर रही सरकार ने युवाओं के लिए कितने भर्ती विज्ञापन जारी किए है। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिवर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा केवल जुमला साबित हुआ भाजपा सरकार में प्रदेश व देश के युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है।

# पशु चारा लेकर लौट रहे युवक को मारी गोली

## 2 दिन पहले बच्चों के विवाद को लेकर हुआ था झगड़ा, आरोपी फरार

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर/बाड़ी( नि.स. )।** बच्चों के विवाद को लेकर हुए झगड़े के बाद कुछ लोगों ने एक युवक को गोली मार दी। बाईं ओर पसलियों के नीचे गोली लगने से घायल युवक को परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना मनियां थाना क्षेत के तहियापुरा गांव की है। गोली लगने से घायल हुए युवक केशव बघेल (28) पुत्र ग्याजीत के चचेरे भाई टीकम सिंह ने बताया कि 2 दिन पूर्व उनके गांव में जीते ठाकुर का राहुल पक्ष के लोगों से बच्चों के विवाद को लेकर झगड़ा हो गया था। जिस झगड़े में युवक केशव बघेल ने बीच बचाव कर दिया था। झगड़े को शांत करने की 2 दिन बाद बीच बचाव करने वाला युवक केशव बघेल पशु चारा लेकर घर की ओर लौट रहा था। तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे दूसरे पक्ष के जीते ठाकुर और कल्ली सहित चार लोगों ने युवक केशव बघेल की मारपीट कर दी मारपीट के बाद आरोपी जीते ठाकुर ने युवक केशव बघेल को गोली मार दी। घायल युवक के चचेरे भाई ने बताया कि गोली लगने से घायल हुए युवक को लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। जहां से उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर करदिया गया। युवक के परिजनों के मुताबिक घटना के बाद ही आरोपी पक्ष के लोग फरार हो गए। जिला अस्पताल पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई।

# खेलने के दौरान गर्म पानी की कढ़ाई में गिरा मासूम

## झुलसने के चलते हालत गंभीर, धौलपुर शहर के हवेली पाड़ा की घटना

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के हवेली पाड़ा में गर्म पानी की कढ़ाई में एक तीन वर्षीय मासूम के झुलसने का मामला सामने आया है। घर में कपड़े धोने के लिए यह कढ़ाई में पानी गर्म किया जा रहा था। जिसमें खेलने के दौरान तीन वर्षीय मासूम गिर गया। घटना के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चालीस प्रतिशत से अधिक झुलसने के चलते बालक को जिला अस्पताल धौलपुर की बर्न इकाई रेफर किया है। सामान्य अस्पताल के शिशु वार्ड के नर्सिंग अधिकारी पवन राघव ने बताया की दिन में करीब 12 बजे शहर के हवेली पाड़ा निवासी 3 वर्षीय बालक राशिद पुत्र मोमिन खान को भर्ती कराया गया। जिसके 40 प्रतिशत से अधिक बर्निंग हुई है। बालक को तुरंत भर्ती कर उपचार दिया गया है। घटना को लेकर शिशु वार्ड के प्रभारी चिकित्सक डॉ पवन गोस्वामी ने बर्निंग में इन्फेक्शन की संभावना को देखते हुए बालक को जिला अस्पताल की बर्न इकाई रेफर किया है। घटना को लेकर झुलसे हुए बालक राशिद के पिता मोमिन खान ने बताया कि सुबह घर पर कपड़े धोने के लिए कढ़ाई में पानी गर्म कर रहे थे। इस दौरान बालक राशिद अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते खेलते न जाने कैसे वह कढ़ाई में जा गिरा। इस दौरान वह बैक साइड से झुलस गया है। जिसे वे सीधे अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। जहां चिकित्सकों ने उपचार दिया है।

# कर्ज से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाई परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस कर रही मामले की जांच

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र के मेहताब सिंह का नोहरा में कर्ज से परेशान होकर 24 साल के युवक ने सुसाइड कर लिया। घर में फंदा लगा जान दे दी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शनिवार को शव सुपुर्द कर दिया। कोतवाली थाना के एएसआईअरुण कुमार ने बताया कि मेहताब सिंह नोहरा निवासी रघुवीर गुर्जर पुत्र रामजीवन ने शुक्रवार देर शाम घर में फांसी का फंदा लगा सुसाइड कर लिया। परिजन हेमंत ने रिपोर्ट दी कि उसका छोटा भाई रघुवीर कर्ज के दबाव में था। वह काफी समय से परेशान था। कामकाज भी नहीं था। कर्ज बढ़ने के कारण तनाव बढ़ता गया। इसी कारण उसने सुसाइड किया है। इस मामले में पुलिस जांच में लगी है। शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# पवाना अहीर सीनियर स्कूल में 'दो बूंद जिंदगी की' जागरूकता रैली निकाली

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** पल्स पोलियो अभियान 2024 अंतर्गत सेठ मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवाना अहीर में दो बूंद जिंदगी की जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों द्वारा जागरूक संदेशों के द्वारा पोलियों के प्रति जागृति पैदा की। प्राचार्य महेश चंद यादव ने बताया कि पोलियो एक बहुत ही खतरनाक बीमारी है। पल्स पोलियों भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य भारत में पोलियोमाइलाइटिस पोलियो को खत्म करना है। इसके लिए पांच साल उम्र तक के सभी बच्चों को पोलियो वायरस से बचाव का टीका लगाया जाता है।पोलियो एक जान लेवा बीमारी है। पोलियो एक वायरस है जो मस्तिष्क व रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करता है जिससे पक्षाघात व मौत भी हो सकती है। पेरालेटिक पोलियो से ब्रेनस्टेम व स्पाइनल कोर्ड या दोनों हो सकते हैं। हमें इसके बचाव में हरसंभव प्रयास कर राष्ट्र हित मे सहयोग करना चाहिए।

# बेटे के जन्मदिन पर पिता ने 27वी बार किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** सैनी महापंचायत संगठन के जिला सचिव निवासी उपली कोठी जीतेन्द्र सैनी अपने बेटे समीर के जन्मदिन पर राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान किया।सैनी ने बताया कि इस तरह रक्तदान करने से जरूरतमंद लोगों की पूर्ति होती है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की।सैनी इससे पहले लगभग 26 वी बार रक्तदान कर चुके हैं। बेटे समीर को समस्त पदाधिकारी द्वारा बधाई प्रेषित की गई ह। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश संयुक्त सचिव पत्रकार बिल्लूराम सैनी,राजवीर यादव,कपाउंडर उमेश वर्मा, आजाद फामड़ा सचिन रमेश आदि उपस्थित रहे।

# राजीविका महिला समूह ने जिला कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

## आरसीआरपी राउण्ड चालू करवाने की मांग की



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** पावटा ब्लॉक से राजीविका आरसीआरपी समूह ने जिला कलेक्टर जयपुर को मुकेश देवी के सानिध्य में ज्ञापन सौप पर राउंड चालू करवाने की मांग की। जयपुर जिले से आरसीआरपी केडर से वर्ष 2012 से 2023 तक 300 मेम्बर जुड़कर कार्य कर रहे थे जो घर घर जाकर महिलाओं का स्वयं सहायता समूह बनाकर सरकार की योजनाओ व राजीविका के बारे में महिलाओं को जानकारी उपलब्ध करवाते हैं साथ ही घर घर जाकर आवास सर्वेक्षण करके महिलाओं को जागरूक करने का कार्य करते हैं। मुकेश देवी ने बताया कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बाहर जाकर कार्य करके अपने बच्चों का लालन पालन अच्छे से कर पा रही थी लेकिन राउंड बंद होने के कारण से आर्थिक स्थिति खराब हो गई ।

महिलाओं ने कलेक्टर से निवेदन करते हुए कहा कि जिले स्तर पर या राजीविका समूह द्वारा कुछ कार्य दिलवाया जाए जिससे रोजी रोटी हम भी खा सके और अपने बच्चों को भी खिला सके।

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नव चयनित सरकारी कार्मिकों को नियुक्ति पत्र के रूप में दी बड़ी सौगात

## जिला स्तरीय समारोह में नवचयनित 227 कार्मिक, 139 के नियुक्ति पत्र हुए जारी

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत शनिवार को जयपुर में आयोजित पहले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के 20 हजार से अधिक नवचयनित सरकारी कार्मिकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पांच हजार युवाओं के सरकारी नौकरी के नियुक्ति जारी किए।जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली पर आयोजित हुआ। इसमें नव नियुक्त 227 कार्मिक मौजूद रहे। इनमें शिक्षा विभाग के 66, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के 82, गृह विभाग के 1 तथा पशुपालन विभाग के 1, कार्मिक विभाग 1 संस्कृत शिक्षा विभाग से 01 कार्मिक सम्मिलित रहे। रोजगार विभाग द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से इनका पंजीकरण किया गया। पंजीकरण के पश्चात इन्हें वेलकम किट दी गई। इसमें मुख्यमंत्री का संदेश, लोकसेवक के कर्त्तव्य, दायित्व एवं अपेक्षाएं पुस्तिका दी गई। आमंत्रित युवाओं में से 139 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा समारोह के दौरान की गई। इस दौरान विधानसभा विधायक हंसराज पटेल, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, अलवर जिला भाजपा अध्यक्ष उम्मेद सिंह भाया, बहरोड़ पंचायत समिति की प्रधान सरोज यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर,जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव,नगर परिषद के अधिशासी अभियंता दीपक मीणा, सहित बड़ी संख्या में युवा, अधिकारी मौजूद रहे। आईटीआई के उपनिदेशक जीत सिंह यादव ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन बलवंत सिंह यादव ने किया। इस दौरान सरकारी सेवाओं में नवचयनित युवाओं ने विचार रखे और मुख्यमंत्री युवा उत्सव जैसे नवाचार के लिए मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार जताया।

# दो पिस्टल सहित दो बदमाश सीएसटी के हत्थे चढे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन (आग) के तहत वैशाली नगर एवं हरमाड़ा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से अवैध हथियार दो पिस्टल एवं परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन बरामद किया गया है।

फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) दिगंत आनन्द ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सीएसटी ने वैशाली नगर एवं हरमाड़ा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए उदयन पाण्डे (28) निवासी खुल्दाबाद जिला प्रयागराज ( उत्तर प्रदेश ) और देवाशीष भगत उर्फ पियूष (28) निवासी कटवा जिला वर्धमान (पष्चिम बंगाल) हाल हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने अवैध हथियार दो पिस्टल एवं परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन जब्त किया है।

# थैलेसीमिया रोगियों के लिए शिविर आयोजित, सैम्पल्स की जाँच जर्मनी की लैब में होगी

## 10 हजार तक की एचएलए जांच के लिए निशुल्क सेंपल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** सेवा भारती कोटा महानगर द्वारा दिल्ली-एन.सी.आर की संस्था ग्लोबली इंटीग्रेटिड फॉउंडेशन फॉर थैलेसीमिया (गिफ्ट) के साथ मिलकर कोटा व आसपास के शहरों के थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए निशुल्क कैम्प का आयोजन शनिवार को शहर के लायंस क्लब भवन में किया गया। शिविर में कोटा व राजस्थान के अन्य शहरों से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लगभग 100 परिवारों (12 वर्ष की आयु वर्ग के थैलेसीमिक बच्चों, उनके सगे भाई-बहनों/माता-पिता) की पूर्णतया निशुल्क एच एल ए (ह्यूमैन ल्यूकोसाइट्स एंटीजेन) जाँच के लिए सैम्पल लिए गए। कोई मरीज इकलेरा से आया तो कोई एमपी से आया, साथ ही 300 किलोमीटर दूस से भी लोग यहां पहुंचे। संस्था के संस्थापक मदन चावला ने बताया कि थैलेसीमिया के स्थाई इलाज (बोन मैरो ट्रांसप्लांट) के लिये यह जांच सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है। इस जाँच के बिना बोन मैरो ट्रांसप्लांट की संभावना ही नहीं है। बाजार में एक व्यक्ति की एच एल ए जाँच की लागत लगभग 10 से 12 हजार रुपये तक होती है। शिविर में लिए गए सैम्पल्स की जर्मनी की विश्व प्रसिद्ध लैब डी के एम एस में जाँच होगी। इस शिविर में थैलेसीमिक बच्चों की निशुल्क जाँच (ओ पी डी) एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिये विशेष रूप से फोर्टिस मैमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुग्राम से बाल रक्त् विकार, कैंसर एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. विकास दुआ व उनके सहयोगी डॉ.अरुण दनेवा आए। सेवा भारती कोटा महानगर वर्षों से समाज सेवा में निस्वार्थ रूप से कार्यरत है।

# करंट से 7 भैंस और 3 गायों की मौत

## बारिश में 11 केवी का तार टूटकर बाड़े में गिरा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिले के कैथून थाना क्षेत्र के दीपपुरा गांव में देर रात करंट लगने से 7 भैंस व 3 गायों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाड़े से निकल रहे बिजली के तार में स्पार्किंग हुई। स्पार्किंग के बाद 11 केवी का तार टूटकर नीचे गिर गया। जमीन पर बारिश का पानी होने 30 फीट तक करंट फैल गया। करंट की चपेट में आने से भैंस व गायों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस की मेडिकल की टीम मौके पर पहुंची। पीड़ित गोविंद के अनुसार ने शुक्रवार रात 8 बजे करीब बारिश हो रही थी। घर के पास बाड़े में 10 भैंसे व 3 गाय बैठी थी। अचानक हवा चली। बाड़े लगे बिजली के पोल में स्पार्किंग हुई। चिंगारी निकलकर भूसे पर गिरी वहां तीन चार ट्रॉली भूसा रखा हुआ था। स्पार्किंग से चिंगारी गिरने से थोड़े बहुत भूसे में आ लग गई। आग की लपटें देख कमरे से बाहर आए। देखा तो भैंसे व गाय जमीन पर मरी हुई पड़ी थी। बिजली का तार टूटकर पानी वाली जगह पर पड़ा था। तार टूटने से बिजली का करंट 30 से 40 फीट तक फैल गया। जिससे गाय व भैंस चपेट में आ गई। 13 जानवरों में से केवल 3 भैंसे जिंदा बची है। रात को ही बिजली विभाग को इसकी सूचना दी थी। लाइनमैन ने सप्लाई बंद करवाई। अभी सुबह पुलिस व डॉक्टर की टीम गांव में आई है। मामले की जांच पड़ताल कर रहे है। हादसे की सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को भी दी है।

# शहरी जल योजना कपासन में आज पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** अर्द्धवार्षिक मरम्मत कार्य के चलते शहरी जल योजना में रविवार को नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी अनुसार 132 केवी जीएसएस पर शनिवार को अर्द्धवार्षिक मरम्मत कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बंद रही ।जिससे शहरी जल योजना कपासन में स्थित पेयजल स्त्रोंतो एवं बलकर द्वारा पेयजल आपूर्ति बाधित रही तथा जल संग्रहण नही हुआ ।जिससे शहरी जल योजना कपासन में रविवार को पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

# पल्स पोलियो अभियान में आज बूथों पर देंगे बच्चों को पोलियो ड्रॉप

## 2445 पोलियो बूथ बनाए, 132 ट्रांजिट और 130 मोबाइल टीमे भी लगाई

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण के तीन दिवसीय अभियान मे आज रविवार 30 जून को घरों के आस-पास बनाए बूथों पर सुबह 8 से शाम 5 बजे तक जन्म से पांच साल तक की उम्र के बच्चों को पोलियो रोधी वैक्सीन की ड्रॉप पिलाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि अभियान में प्रत्येक बच्चे को ये खुराक पिलाना आवश्यक है। विभाग का ये प्रयास रहेगा है कि बूथ कवरेज अधिक से अधिक हो। इसकी पूरी तैयारी है। खुराक पिलाने के लिए जिलेभर में आज 2445 अस्थाई बूथ लगाए गए हैं। इनके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड आदि जगहों पर दवा पिलाने के लिए 132 ट्रांजिट टीमे और दूर दराज, ईंट भट्टा, निर्माणधीन साइट्स व दुर्गम क्षेत्रों में दवा पिलाने के लिए अलग से 130 मोबाईल टीमे भी लगाई हैं। जिन पर प्रशिक्षित वैक्सीनेटर खुराक पिलाएंगे। अभियान के सुचारू और सफल संचालन के लिए इस दौरान 255 सूपरवाईजर भी पर्यवेक्षण करेगें। वहीं, विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा अभियान की सघंन व सख्त मॉनिटरिंग भी की जाएगी। खुराक लेने से जिले का एक भी लक्षित बच्चा नही छूटे इसके लिए वैक्सीनेटर टीमें सोमवार व मंगलवार को घर-घर जाकर छूटे बच्चों की खोज व जानकारी लेकर खुराक पिलाएंगी। अभियान के जिला नोडल अधिकारी व आरसीएअचो डॉ. रमेश कारगवाल ने बताया कि अभियान में जिले के पांच साल तक के 2 लाख 82 हजार 32 लक्षित बच्चों को आवश्यक रूप से ये खुराक दी जानी है। अभियान के संचालन में महिला-बाल विकास, शिक्षा विभाग, स्काउट सहित स्वयं सेवी संस्थाएं व नर्सिंग कॉलेजों का भी सहयोग रहेगा। सीएमएचओ डॉ.सोनी ने माता-पिता और अभिभावकों से अपील की है कि अपने 5 साल तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो रोधी खुराक की दो बूंद अवश्य पिलाएं।

# बाइक सवार ने परिवार को कुचला, युवक की मौत, बच्चे घायल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के रामपुरा थाना इलाके में शनिवार तड़के फुटपाथ पर सो रहे परिवार को एक बाइक सवार ने कुचल दिया। फुटपाथ पर सो रहे लोगों पर बाइक चढ़ने से एक की मौत हो गई है जबकि इस घटना में दो बच्चे घायल हो गए हैं। रामपुरा कोतवाली के हेड कांस्टेबल वहीद अहमद के अनुसार मोहन टाकीज के नजदीक फुटपाथ पर कुछ लोग सो रहे थे। ये लोग मजदूरी करते हैं और रात को यहीं पर सो जाते हैं। उनका परिवार भी यहीं रहता है ।शनिवार सुबह के समय एक बाइक सवार व्यक्ति ने सो रहे तीन लोगों के ऊपर बाइक को चढ़ा दी। घटना में एक व्यक्ति का हाथ टूट गया। बाइक चढ़ने से जख्मी राणा मराठा को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद उसके शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया है। मृतक के शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने 15 हजार से अधिक युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

## कोटा की डेंटल तकनीशियन रंजना से किया संवाद

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के 15 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय समारोह नयापुरा स्थित सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने एमबीएस चिकित्सालय कोटा की डेन्टल तकनीशियन रंजना से सीधा संवाद किया। रंजना को राज्य सरकार से नियुक्ति पत्र मिलने पर मुख्यमंत्री ने बधाई दी। रंजना ने भी खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। महिला कार्मिक ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठाभाव एवं समर्पण से करेंगी। हर पात्र नागरिक को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए सकारात्मक प्रयास करेंगी। जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने नियुक्ति पाने वाले कार्मिकों को बधाई दी। उन्होने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। नवनियुक्त कार्मिक अपने दायित्वों का निष्ठा एवं समर्पण भाव से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त कार्मिक आने वाले समय में राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिक को पहुँचाने में अपनी महती भूमिका निभाऐं।

**ऊर्जा राज्य मंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र :** सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार उत्सव में प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने शिक्षा विभाग के प्रियंका, पूजा महावर, भवानी सिंह मीणा, नरेन्द्र मीणा, रविन्द्र गोचर, पूजा अग्रवाल को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, समाजसेवी राकेश जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, सहायक कलक्टर सपना कुमारी, उप निदेशक रोजगार मनोज कुमार पाठक, सीएमएचओ डाजगदीश सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं 390 नवनियुक्ति कार्मिक उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब कपासन के अध्यक्ष पद पर बालेंद्र कोठारी सहित नवीन पदाधिकारियों को मनोनीत किया







बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** लायंस क्लब की साधारण सभा की बैठक का शुक्रवार को आयोजन किया गया ।जिसमे आमसहमति से अध्यक्ष पद पर बालेंद्र कोठारी एवं अन्य पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। जानकारी अनुसार लायंस क्लब कपासन की साधारण सभा की बैठक का लॉयन रविंद्र सोमानी की अध्यक्षता में रामलालजी सोमानी धर्मशाला में आयोजन किया गया ।जिसमे आगामी सत्र हेतु नवीन कार्यकारिणी को लेकर विस्तृत की गयी ।साथ ही बैठक में आम सहमति से अध्यक्ष पद के लिए बालेंद्र कोठारी,सचिव राकेश सोमानी एवं कोषाध्यक्ष शकुंतला महेश्वरी को मनोनीत किया गया ।इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष बालेंद्र कोठारी ने बताया कि शीघ्र नवीन कार्यकारिणी की घोषणा सहित क्लब द्वारा वर्ष पर्यंत जनसेवा, पर्यावरण,जल संरक्षण,गरीब एवं निर्धन विद्यार्थियों हेतु ऊनी वस्त्र वितरण,गौ सेवा एवं विभिन्न रोगों से उपचार हेतु चिकित्सा कैंप आयोजित किए जायेंगे तथा 1 जुलाई को डॉ. एवं सी एडे के उपलक्ष्य में नगर के डॉ. एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट को सम्मानित किया जायेगा।

# सेवानिवृत पुलिस संगठन ने विभिन्न मामलों की अनदेखी को लेकर विरोध जताया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राजस्थान पुलिस सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संस्थान, जिला कोटा की साधारण सभा की आवश्यक बैठक का आयोजन गोविंद सिंह बारहठ, सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में सेवानिवृत्त एवं सेवारत कर्मचारियों को आरजीएचएस, 1 अप्रैल, 2004 के पश्चात नियुक्त कर्मचारियों को ओपीएस की सुविधा, पेंशनर्स से कम्यूटेशन की राशि की कटौती केवल 10 वर्ष 8 माह तक किए जाने तथा 30 जून को सेवानिवृत होने वाले प्रत्येक कर्मचारियों को 1 जुलाई से वार्षिक वेतन वृद्धि व समस्त आर्थिक लाभ के लिए इसकी गणना किए जाने के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह ने बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार के बजट 2024- 25 में संगठन की ओर से उक्त प्रस्ताव पूर्व में ही मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किए जा चुके हैं। उन्होंने जानकारी दी कि बजट के लिए चाहे गए सुझावो में से 66 प्रतिशत से अधिक सुझाव केवल कर्मचारियों की मांगों से ही संबंधित है । कुल प्राप्त 1,76,000 सुझावों में से कर्मचारी संगठनों द्वारा विभिन्न सेवा संबंधी लगभग 1,11,000 के सुझाव राज्य सरकार को अब तक प्राप्त हो चुके हैं जिनपर मंथन जारी है।

महासचिव के.के.शर्मा ने बताया कि विगत कई वर्ष पूर्व सेवानिवृत कर्मियों को पुलिस कैंटीन की सदस्यता दिलाए जाने के संबंध में शीघ्र ही उच्चाधिकारियों से वार्ता की जायेगी। बैठक में इस माह के अंत में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर राज्य सेवा से निवृत होने वाले जिला कोटा शहर के 6, जिला कोटा ग्रामीण के 2 एवं द्वितीय बटालियन आरएसी कोटा के 5 कुल 13 कार्मिकों का भी संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर संभागीय मीडिया प्रभारी ललिता लोधा, जिला उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाड़ा, सलाहकार अतहर खान, संगठन मंत्री सूरजभान सिंह, प्रचार मंत्री रामदयाल नागर, संयुक्त मंत्री राघवेंद्र सिंह, कार्यालय मंत्री बुद्ध राज सिंह हाड़ा, कोषाध्यक्ष नंदलाल गुर्जर, जलालुद्दीन, सूर्य नारायण सिंह, तथा अन्य कई सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

# दुकान में घुसकर रात को लाखों का माल उड़ा ले गए चोर

## दुकानदारों में रोष, आए दिन हो रही है चोरी की घटनाएं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** केशवपुरा इलाके में शुक्रवार रात चोरों ने इलेक्ट्रिकल आइटम्स की एक दुकान का शटर तोड़कर लाखो का सामान चोरी कर ले गए। दुकान के मालिक अरविंद विजय ने बताया कि सुबह जब वो दुकान खोलने के लिए आए तब उन्हे शटर टूटा मिला। तभी आसपास सभी दुकानदार जमा हो गए और महावीर नगर थाने में शिकायत दी। दुकानदारों ने बताया कि गत 2 महीने चोरी की ये चौथी वारदात है जिस पर अभी तक कोई सुराख नही मिला है। अरविंद का कहना है कि अधिक मूल्य के तारों के बंडल, स्विचेस, एलईडी लाइट सीसीटीवी का डीवीआर भी चोरी कर ले गए। दुकानदारों में रोष व्याप्त है और आए दिन चोरी की वारदातो से अब भय व्याप्त हो गया है। महावीर नगर थाने के सी एल जी सदस्य दिनेश विजय, भुवनेश गुप्ता और पार्षद सुनील गौतम ने मौके पर घटना की जानकारी ली और पुलिस को शीघ्रता से मामले की जांच कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की।

# बस ऑपरेटर एसोशिएशन की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा सम्भाग बस ऑपरेटर एसोशिएशन की बैठक शनिवार को भीतरिया कुंड पर आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण साहू रहे। अध्यक्षता नौशीन खान ने की। बैठक में चंद्र प्रकाश मित्तल, शकील मिर्जा, परवेज खान संजय राठोर सहीत दर्जनों बस ऑपरेटर लगभग 50 बस ऑपरेटर शामिल हुए। जिसमे आठ मार्ग नए खुलाने का निर्णय लिया और सरकार द्वारा 23 सुत्रीय मांग पत्र में से 17 मांगे मानी जिसके आदेश की कापी समय रहते हुए नही देते है तो आगे चक्का जाम किया जाने की सहमती बनी।

# आरटीई के चार हजार से ज्यादा आवेदन निरस्त

## अभिभावक कर रहे आरटीई पोर्टल फिर खोलने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आवेदनों में बड़ी संख्या में निरस्त हुए है। आवेदनों में गलतियां बताकर इन्हें रिजेक्ट किया गया है। वहीं अभिभावकों का कहना है कि ऑनलाइन पॉर्टल पर जो गाइडलाइन थी उसी अनुरूप आवेदन भरे गए। बाद में आपत्ति के बाद दस्तावेज लगाए भी गए लेकिन उसके बाद भी आवेदन निरस्त हो गए। अभिभावको के अनुसार आवेदन शुरू होने के साथ ही उन्होंने फॉर्म कंपलीट कर भर दिया था। ऑनलाइन पॉर्टल पर दो पेज का आय प्रमाण पत्र लगाया। बाद में उसे रिजेक्ट कर दिया। जब शिक्षा विभाग ऑफिस से पता किया तो वहां कहा गया कि चार पेज का आय प्रमाण पत्र लगेगा। दोबारा से चार पेज का प्रमाण पत्र बनाया, अधिकारियों ने सत्यापित भी कर दिया लेकिन उसके बाद फॉर्म अपलोड करने के बाद भी रिजेक्ट हो गया। दूसरी बार में बताया गया कि आय प्रमाण पत्र जिस डेट का बना है उस डेट का नहीं चलेगा। इसी तरह एक स्टूडेंट के अभिभावकों ने दो पेज का ही प्रमाण पत्र जमा करवाया वह मान्य कर लिया गया था। अभिभावकों का कहना है कि आवेदनों में गलतियां निकाल दी गई, लेकिन उनकी पूर्ति के लिए समय नहीं दिया गया। कई खामियां इस बार एडमिशन प्रक्रिया में रही है। ऐसे में अभिभावकों की मांग है कि आरटीई का पॉर्टल फिर खोला जाए। इस मांग को लेकर शिक्षा मंत्री तक को ज्ञापन दिया जा चुका है।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर आमेटा हाडोती गौरव सम्मान से सम्मानित

## आम जनहितार्थ सदैव तत्पर रह कर सरकारी कार्य करने पर सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा/ झालावाड़।** न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी के तत्वावधान में शनिवार को झालावाड़ मिनी सचिवालय में कोटा बारां एवं वर्तमान में झालावाड़ में अतिरिक्त जिला कलेक्टर पद पर तैनात सत्यनारायण आमेटा को आमजन के हितार्थ सदैव तत्पर रहकर सरकारी कार्य करने पर हाडोती गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक केके शर्मा कमल ने बताया कि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आमेटा जहां भी रहे वहां आम जनता के लिए 24 घंटे दरवाजे खुले रहते हैं एवं आम जनता की समस्याओं का तत्काल निवारण करने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है इनका कोटा में शानदार कार्यकाल रहा वहीं बांरा में भी आम जनता के बीच जंतर कार्य करने वाले अधिकारी के रूप में कार्य किया और वर्तमान में झालावाड़ में भी जनता के लिए सदैव कार्य करने में विश्वास रखने वाले अधिकारी के रूप में अपनी छवि बना रखी है ऐसे में ऐसे हाडोती की प्रतिभा का सम्मान करने का न्यू कोट इंटरनेशनल सोसाइटी ने बीड़ा उठा रखा है न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी की अध्यक्ष मति अंजू शर्मा ने बताया कि कोटा में 5 जनवरी 2024 को दोपहर 2 बजे सनाढय सामुदायिक भवन महावीर नगर प्रथम कोटा में आयोजित सम्भाग स्तरीय हाडौती गौरव सम्मान 2024 में प्रतिभाओ को सम्मानित किया था किंतु सरकारी कार्यक्रम एवं विशेष बैठक के कारण अतिरिक्त जिला कलेक्टर आमेटा हाडोती गौरव सम्मान लेने नहीं पहुंच सके थे इसके चलते आज झालावाड़ में मिनी सचिवालय में उनका सम्मान किया गया ।अतिरिक्त जिला कलेक्टर के हाडोती गौरव सम्मान के दौरान झालावाड़ के समाजसेवी राजेश पारीक, झालरापाटन नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अनिल पोरवाल, कार्यक्रम संयोजक के के शर्मा कमल, न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती अंजू शर्मा समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उपभोक्ताओं को अब मोबाइल चलाना भी काफी महंगा साबित होगा

मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।

नीजि मोबाइल सेवा प्रदाता कम्पनीयो ने अपनी रिचार्ज दरो में भारी वृद्धि कर महंगाई की मार से जूझ रहे आम जन को ओर अधिक महंगाई में धकेल दिया हैं। नीजि मोबाइल सेवा प्रदाता कम्पनीयों ने टेरिफ दरो में भारी बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। अब लोगो को मोबाइल चलाना भी काफी महंगा साबित हो रहा है। गौरतलब है कि नीजि सेवा प्रदाता कम्पनीयों ने प्रारम्भ में लोगो को नि:शुल्क रिचार्ज का तोहफा देकर आम जन को मोबाइल का आदी कर दिया। धीरे धीरे नि:शुल्क रिचार्ज के चलते आम जन मोबाइल का पूरी तरह से आदी होकर रह गया। आम जन को मोबाइल का आदी करने के बाद नीजि मोबाइल सेवा प्रदाता कम्पनीयो ने धीरे धीरे टेरिफ की दरे बढ़ाने शुरू कर। अब तक तो आम जन सहन करता आ रहा था। आम जन केवल आम उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ी दरो को लेकर ही परेशान था। बढ़ी महंगाई ने पहले ही आम जन की कमर तोड़ रखी थी। आम आदमी बड़ी मुश्किल से अपने घर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। महंगाई से परेशान आम जन को नीति मोबाइल सेवा प्रदाता कम्पनीयो ने टेरिफ की दरे बढ़ाकर आम मोबाइल उपभोक्ताओं को भारी परेशानी में डालने का काम किया है। वर्तमान स्थिति ऐसी है कि घर परिवार में जितने सदस्य उन सभी के पास अलग अलग मोबाइल है।

# लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बिरला को दी बधाई, दिल्ली पहुंचकर किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** सांसद ओम बिरला के दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत किया गया।

मेहता के साथ ललित चित्तौड़ा , जगदीश शर्मा व अन्य लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर, माल्यार्पण कर बधाई दी। इस दौरान मेहता और बिरला ने औपचारिक वार्ता कर कोटा के विकास पर चर्चा की।

मेहता ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का पद देश में शीर्ष पद है, ऐसे मे बिरला के व्यक्तित्व और उनकी कार्यशैली से कोटा को एक बार फिर लाभ होगा। कोटा का सर्वांगीण विकास होगा, वहीं बड़े प्रोजेक्ट अब कोटा की धरती पर लगेंगे। भाजपा युवा नेता चितौड़ा ने कहा कि बिरला के कोटा पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। जगह-जगह स्वागत द्वारा लगाकर, पुष्प वर्षा कर, मिठाइयां बांटकर, आतिशबाजी कर अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर जगदीश शर्मा ने भी बिरला का स्वागत कर बधाई दी।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार


श्री नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

## समृद्ध किसान - खुशहाल राजस्थान

## राजस्थान सरकार की ऐतिहासिक पहल


श्री भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री

# 65 लाख से अधिक किसानों को

# ₹650 करोड़



## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का

# शुभारंभ समारोह

**30 जून, 2024 को दोपहर 12:00 बजे**

**स्थान : कृषि उपज मंडी प्रांगण, टोंक**

₹2000 की अतिरिक्त सहायता में से किसानों को
**₹1000 की पहली किश्त** उनके बैंक खाते में डायरेक्ट ट्रांसफर

-: मुख्य अतिथि :-
**श्री भजन लाल शर्मा**
मुख्यमंत्री

-: विशिष्ट अतिथि :-

**श्री गौतम कुमार दक**
सहकारिता राज्य मंत्री
(स्वतंत्र प्रभार)

**श्री किरोड़ी लाल मीणा**
कृषि एवं ग्रामीण
विकास मंत्री

**श्री कन्हैया लाल चौधरी**
जन स्वास्थ्य एवं
अभियान्त्रिकी मंत्री

वेबकास्ट पर लाइव देखें

## किसानों को सशक्त, समृद्ध एवं उन्नतशील बनाने के लिए सदैव समर्पित है प्रदेश सरकार

यूट्यूब पर लाइव देखें

राजस्थान संवाद

**सहकारिता विभाग, राजस्थान**